Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 42 | गुरूवार, 12 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## यूपी बजट 2026

# ग्राम्य विकास के लिए 25500 करोड़ का प्रस्ताव :सीएम योगी



**लखनऊ।**

2026-27 के बजट में ग्राम्य विकास को प्राथमिकता दी गई है। गांवों की बुनियादी जरूरतों, आवास, सड़क और आजीविका सृजन को गति देने के लिए 25,500 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है। ग्राम्य विकास की योजनाओं के लिए कुल 25,500 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 4,580 करोड़ तथा वीबी जीरामजी योजना के लिए 5,544 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन योजनाओं के जरिए स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक 36.56 लाख आवास के लक्ष्य के सापेक्ष 36.37 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष निमार्णाधीन आवास शीघ्र पूर्ण कराए जा रहे हैं। योजना के लिए 6,102 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है इसी तरह मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक 4.61 लाख आवास के लक्ष्य में से 3.67 लाख आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। शेष आवासों का निर्माण तेजी से पूरा कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 822 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है, जिससे गांवों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

### गांवों में आवास और रोजगार पर सबसे बड़ा फोकस

## सार संक्षेप

### यमुना एक्सप्रेसवे से वृंदावन पहुंचेंगे अब और जल्दी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** होली से पहले ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर वृंदावन आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलने जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे से पागल बाबा मंदिर तक 7.278 किलोमीटर लंबा फोरलेन प्रवेश मार्ग लगभग पूरा हो चुका है। 251 करोड़ रुपये की इस परियोजना में करीब 30 करोड़ रुपये का अंतिम भुगतान राज्य बजट में शामिल कर लिया गया है। धरातल पर 98 प्रतिशत कार्य पूरा है और शेष दो प्रतिशत हिस्से में छोटे खंड में सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा। 2022 में स्वीकृत इस परियोजना को फरवरी 2026 तक औपचारिक रूप से पूर्ण घोषित किया जाना है, लेकिन अभी से इस मार्ग पर वाहन फरार्टा भरने लगे हैं। यमुना नदी पर दो लेन सेतु का निर्माण भी पूरा हो चुका है। इसके चालू होते ही यमुना एक्सप्रेसवे से उतरते ही बिना ब्रेक सीधे वृंदावन में प्रवेश संभव होगा और वृंदावन से निकलते ही वाहन सीधे एक्सप्रेसवे की रफ्तार पकड़ सकेंगे। बीते वर्षों में वृंदावन में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है।

**होली तक नया फोर लेन रोड हो जाएगा चालू**

## वीबीएसए बिल की जांच के लिए संसदीय समिति का हुआ गठन



**नई दिल्ली।**

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान (वीबीएसए) विधेयक की जांच करने के लिए भाजपा सदस्य डा. पुरंदेश्वरी की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया है। इसके जरिये उच्च शिक्षा नियामक स्थापित करने का प्रयास करना है। लोकसभा सचिवालय की मंगलवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह समिति दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बनी है और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले यह समिति प्रस्तावित कानून के प्रविधानों की जांच करेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किया गया वीबीएसए विधेयक उच्च शिक्षा नियामक ढांचे में सुधार करने का प्रयास करता है।

## कांग्रेस सरकार डब्लूटीओ में ऐसा समझौता कर आई थी कि अनाज की खरीद नहीं होती: सीतामरण

**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी के आरोप के जवाब में बुधवार को लोक सभा में कहा कि देश को बेचने वाले प्रधानमंत्री मोदी नहीं बल्कि कांग्रेस के लोग हैं।

कांग्रेस सरकार विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वर्ष 2013 में बाली में होने वाली बैठक में इस प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर करके आई थी कि किसानों के अनाज की सरकारी खरीद नहीं हो पाती। गरीब लोगों को राशन की दुकान से अनाज का वितरण नहीं हो पाता। यह तो प्रधानमंत्री मोदी थे जिन्होंने डब्ल्यूटीओ में पीस क्लाज लेकर आए नहीं तो किसान आज सड़क पर आ जाते। और आज ये लोग मोदी सरकार को वार्ता का तरीका सिखा रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को लोक सभा में बजट पर चर्चा के दौरान अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री पर देश को अमेरिका के हाथ बेचने का आरोप लगाया था और कहा था कि उनकी सरकार होती भारत के हित की बात होती। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2009 में पाकिस्तान के साथ समझौता करके पाकिस्तान का आतंकवाद से कोई लिंक नहीं करार देने वाले ये कांग्रेस के लोग है और आज ये हमें सलाह दे रहे हैं कि समझौता कैसे किया जाता है। सीतारमण ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता जिस तरह के आरोप लगा रहे हैं उससे तो यही समझ आता है कि वह अबोध बालक है। बजट चर्चा के बाद अपने जवाब में डाटा को देश से बाहर जाने के आरोप पर सीतारमण ने कहा कि भारत में ही डाटा रहे, इसलिए ही हम डाटा सेंटर ला रहे हैं। निर्मला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बजट पढ़े बिना ही आए हैं। उन्होंने देखा ही नहीं कि बजट में इसके लिए 1000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। जाहिर बतौर वित्त को हथियार को रूप में इस्तेमाल करने के आरोप को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच अगर कोई अप्रत्याशित स्थिति आ जाती है तो हमने 50,000 करोड़ का आर्थिक स्थिरता कोष बनाया है।



## 'आपरेशन सिंदूर का हीरो था राफेल', बोले वायुसेना उप प्रमुख नागेश कपूर



**नई दिल्ली।**

वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल निश्चित रूप से अन्य नायकों के बीच एक नायक था। राफेल का प्रदर्शन चर्चा का विषय है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना 27 फरवरी को राजस्थान के पोखरण में 'वायु शक्ति अभ्यास' आयोजित करेगी।इसमें वायु सेना की ताकत का पूरा प्रदर्शन होगा और आपरेशन सिंदूर की झलकियां भी दिखाई जाएंगी। इस अभ्यास में 120 से अधिक रक्षा संपत्तियों का प्रदर्शन होगा, जिसमें लड़ाकू विमान, विमान और हेलीकाप्टर शामिल हैं। वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिल्ली में बुधवार को मीडिया को बताया, 'हम सटीक लक्ष्यीकरण की झलकियां देखने जा रहे हैं। एक लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा, विमान हथियार गिराएंगे और लक्ष्य को भेदा जाएगा।' उन्होंने स्पष्ट किया, 'चूंकि लोग लक्ष्यों के करीब बैठे होंगे, हम ब्रह्मोस या अन्य लंबी दूरी के मिसाइलों का उपयोग नहीं करेंगे जैसा कि हमने आपरेशन सिंदूर के दौरान किया था।

## त्रिपुरा में बोले कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

# 'वीबी-जी राम जी' के तहत दस लाख करोड़ खर्च होंगे

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले पांच वर्षों में ग्रामीण भारत में 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जो कि विकसित भारत 'रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी-जी राम जी) के तहत होगा।

उन्होंने कहा कि यह योजना विकसित भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान करती है। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में वीबी-जी राम जी कार्यक्रम पर एक सम्मेलन में बुधवार को केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि यह योजना समाज के सभी वर्गों की सेवा के लिए बनाई गई है। वीबी-जी राम जी 125 दिनों की रोजगार की गारंटी देता है, जो पहले की सौ दिनों के रोजगार से 25 दिन अधिक है। ग्रामीण कार्यक्रम के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त आयोग के माध्यम से अतिरिक्त 55 हजार करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे, जिससे कुल आवंटन एक वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में वीबी-जी राम जी कार्यक्रम के तहत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। देश में 2.86 करोड़ ग्राम पंचायतें हैं और प्रत्येक पंचायत को इस कार्यक्रम के तहत पांच वर्षों में 1.50 करोड़ से 2.75 करोड़ रुपये के बीच प्राप्त होंगे। पिछली सरकारों की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान ग्रामीण रोजगार कार्यों पर 10 वर्षों में 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 8.54 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं।



### पंचायतों को 1.50-2.75 करोड़ रुपये मिलेंगे

वीबी–जी राम जी योजना के तहत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान किए गए हैं कि यदि काम मांगने के बाद रोजगार नहीं दिया जाता है, तो लाभार्थियों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। वेतन भुगतान में देरी होने पर श्रमिकों को ब्याज के साथ भुगतान प्राप्त करने का अधिकार होगा। योजना के तहत प्रशासनिक व्यय को छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया गया है।

## भारत बंद: पश्चिम बंगाल सरकार का कड़ा रुख, अनुपस्थित कर्मचारियों का कटेगा वेतन

**कोलकाता।**

राज्य सचिवालय नबान्न ने 12 फरवरी को 24 घंटे के राष्ट्रव्यापी हड़ताल (भारत बंद) के आह्वान का कड़ा विरोध किया है। वित्त विभाग द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी कार्यालय यहां तक कि राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यालय भी उस दिन खुले रहेंगे और सभी कर्मचारियों को काम पर आना होगा। अधिसूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 12 फरवरी (गुरुवार) को किसी भी कर्मचारी को आकस्मिक अवकाश या किसी भी अन्य प्रकार का अवकाश नहीं दिया जाएगा, चाहे वह आधे दिन का हो या पूरे दिन का। यदि उस दिन अनुपस्थिति मानी जाती है, तो उसे अस्थायी अनुपस्थिति माना जाएगा और उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा।



# मोहन भागवत के कार्यक्रम में सलमान खान को आमंत्रित करने में गलत क्या: एकनाथ शिंदे

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के एक कार्यक्रम में अभिनेता सलमान खान को आमंत्रित किए जाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बचाव करते हुए सवाल किया कि आरएसएस के कार्यक्रम में सलमान खान को आमंत्रित करने में गलत क्या है? सलमान खान समेत कई फिल्मी हस्तियां एक कार्यक्रम में शामिल हुईं, जिसे भागवत ने संबोधित किया था। मुंबई के नेहरू केंद्र में आयोजित यह कार्यक्रम आरएसएस के शताब्दी समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया था। शिंदे ने कहा कि सलमान खान भारतीय नागरिक हैं तथा देश की परंपराओं और संस्कृति में विश्वास रखते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आरएसएस एक देशभक्त संगठन है और देशभक्ति आरएसएस कार्यकताओं के रोम रोम में बसी है।

आरएसएस के कार्यक्रम में सलमान खान को भागवत के साथ बातचीत करते देखे जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को आरएसएस पर कटाक्ष किया था। राउत ने पूछा था कि क्या यह अभिनेता सलमान खान का स्वागत था या संघ और उसकी शाखाओं में मुसलमानों का भी स्वागत है?



## संपादक की कलम से

# सहमे माहौल के आर्थिक सौदे

आर्थिक संकट के दबावों के बाहर जो तस्वीर बन रही है, वहां न रेवडियां मीठी रहेंगी और न ही बांटने की तासीर बचेगी, फिर भी कुछ सियासी सौदे हैं जो महंगे आश्वासन देते रहेंगे। सहमे से माहौल में हिमाचल का अर्थतंत्र भले ही कयामत का उद्घोष करे, मगर तबाही में भी कर्मचारी इंसाफ की दुहाई मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू अपने साथ भले ही घाटे के बही खाते उठाए दिल्ली जाते हैं, मगर कर्मचारी वर्ग को न्याय की परिपाटी से अलग नहीं करते। आश्वासन यह कि भले ही यूपीएस के फामूर्ले में वित्तीय व्यवस्था सुधर जाए, लेकिन कांग्रेस सरकार की वचनबद्धता ओपीएस पर कुर्बान रहेगी। सैलरी और पेंशन के दबाव सरकार झेल लेगी। इस समय हिमाचल अपने आंकड़ों की दुरुस्ती में कांग्रेस सरकार को यह अवसर दे रहा है कि खर्च की बुनियाद पर विपक्ष को सुरक्षित मुद्रा में खड़ा कर दे या तुलनात्मक अध्ययन यह हो जाए कि किसके पांव और किसके साये लंबे होते रहे हैं। जाहिर है फिजूलखर्ची के कई जहाज हिमाचल में उड़ते रहे और उड़ रहे हैं। एक तुलना आरडीजी के माध्यम से भी हो रही है जहां पिछली भाजपा सरकार को पांच साल की अवधि में कुल 54296 करोड़ की सहायता मिली जो वर्तमान में सिमट कर 17563 करोड़ ही रह जाएगी। यह एक बड़ा आर्थिक आघात और नाइंसाफी का सबब है। बावजूद इसके सुक्खू सरकार ने आर्थिक विकल्पों की साधना में पिछले तीन सालों में 26683 करोड़ अतिरिक्त बटोरे, तो यह राह आसान तो नहीं थी। यह दीगर है कि विपक्ष, सत्ता की फिजूलखर्चियों में कई सियासी हस्तियों को मिले उपहार के पद और उनके दायित्व कार्यान्वयन में लाखों की सैलरी व भत्तों का विवरण दे रहा है। यह फैसला चाबुक और चुंबक के बीच है जहां आर्थिक संकट के पांव की बेडियां चाबुक को लाठी बना कर चलना चाहती हैं, लेकिन सत्ता का नशा अपने चुंबक की फांस में दायरा बढ़ाना चाहता है। जाहिर है कुछ अध्याय समेटने होंगे और कुछ विषय अपने अधिकारों से हासिल करने होंगे। केंद्र अगर हिमाचल को विशेष रियायत या राज्य को विशेष दर्जा नहीं दे सकता, तो उसके हिस्से के लंबित पैमाने भरने होंगे। बेशक राज्य सरकार फोरेस्ट कवर को तीस प्रतिशत बढ़ा कर फायदे की आक्सीजन बटोरना चाहती है, लेकिन यहां वन संरक्षण अधिनियम की क्षतिपूर्ति का भी सवाल है। शीत मरुस्थल लाहौल–स्पीति की बफीर्ली जमीन को वन संपत्ति मानने से हमारा आर्थिक नुकसान समझना होगा। इस मिट्टी को बर्फ संरक्षण का पहाड़ बनाकर योजनाएं मिलें, तो यह राज्य बर्फ के पार्क बनाकर देश को पानी, पर्यावरण व जलवायु संतुलन का आधार सौंप सकता है। दूसरी ओर तीस प्रतिशत वन कवर के बाहर रखकर हमें वन और गैर वन भूमि को एक समान 50 : 50 फीसदी की दर पर रखना होगा। यानी मौजूदा 68 प्रतिशत वन भूमि से अगर तीस प्रतिशत वापस आ जाती है, तो हिमाचल का कारवां अपनी आर्थिक बढ़ोतरी कर सकता है। इसी तरह पानी को केंद्र उत्पाद मान ले, तो हमारी आत्मनिर्भरता का घड़ा भर सकता है। तीसरे, अगर पंजाब पुनर्गठन के 7.19 प्रतिशत अधिकार मिल जाएं, तो न केवल बीबीएमबी के साढ़े पांच हजार करोड़, शानन विद्युत परियोजना, बल्कि सार्वजनिक उपक्रमों में न्यायोचित भागीदारी से हमारा खजाना लबालब हो सकता है। हम देश के राज्यों में उधार की व्यवस्था चलाने में अगर पांचवें स्थान पर हैं, तो संभल कर चलने का मतलब यह है कि घाटे के निगम–बोर्डों को अलविदा कहा जाए। अभी यह घाटा करीब छह हजार करोड़ का है, इसलिए वक्त आ गया है कि हम कुछ सार्वजनिक उपक्रमों को अलविदा कहें, अलाभकारी या अनावश्यक सरकारी होटलों, बस डिपो या व्यापारिक संस्थानों को निजी क्षेत्र को सौंप दें। नवाचार तो यह भी कहता है कि कुछ बड़े अस्पतालों के कम से कम एक खंड को निजी अस्पतालों की शृंखला के हवाले कर दें। कामयाब शिक्षण संस्थानों के जरिए नाकामयाब इमारतों में निजी क्षेत्र से भागीदारी तय कर लें। अगर हमें वेतन भुगतान पर 13837 करोड़ का लोन या पेंशन अदा करने के लिए 10850 करोड़ का ऋण लेना पड़ेगा, तो हमारी कोशिशों के पंख गिरवी रहेंगे। ऐसे में हिमाचल को कड़े आर्थिक सुधारों की दिशा में आम सहमति बनानी होगी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि विपक्ष इस स्थिति में भी राजनीतिक बढ़त का बयान बन जाए।



ललित शर्मा
संपादक

# डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती



डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति नए भारत और विकसित भारत की आधारशिला मानी जा रही है। किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा विश्वास है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है।

एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक गोल्डन ऑवर में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है। वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी।



ललित गर्ग

एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो। अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन-तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। डिजिटल भारत की सफलता केवल ऐप्स और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से मापी जाएगी जो नागरिक अपने मोबाइल स्क्रीन पर उभरते हर ट्रांजैक्शन संदेश के साथ महसूस करता है। यदि यह विश्वास सुरक्षित रहा, तो डिजिटल क्रांति राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगीय यदि यह टूट गया, तो समृद्धि का सपना भी अधूरा रह जाएगा। अतः समय की मांग है कि डिजिटल धोखाधड़ी को एक राष्ट्रीय चुनौती मानकर उसके समाधान की दिशा में ठोस, निर्णायक और पारदर्शी कदम उठाए जाएँ, ताकि विकसित भारत की आधारशिला मजबूत और अडिग रह सके।

## उदय किशोर साह



## खूबसूरत है नजारा

कविता

आ जा सनम मेरे लिये अपनी ही  छत पे एक बार
दिल में कैद हसरत  मचल रही है दीदार  कोबार बार
कितना खूबसूरत है धरा पे  ये मौसम   की   नजारे
चार चाँद गागन पे खिले मुस्कारा  रहे हैं जहां  सितारे

संगमरमरी सी दुधिया प्रकाश चारू चन्द्र की ये किरण
अवनी और अंबर में बिखरी है चादर ओढ़े है कण कण
तन में मन को पुरवाई वयार  प्यार से हमें  सहला जाती
वन उपवन की गोद  में बिठा हमें लौरी   सुलाने आती

पहाड़ों से गिरता।   झूमता वो देखो अल्हड् सी नदियां
जिनकी तलहट्टी में आज भी बसी है दर्जनों ही  बस्तियां
मन को पागल बना रही है ये हँसीन।  चंचल सी वादियां
शहनाई की धूम मची है बावले की   हो रही है शादियां

झूम रही है मस्ती में मंजरी संग   अमुवा की  ये डालियां
पिया से मिलने के लिये तड़प रही है विरहा में विरहनियां
कलियों ने घूंघट ओढ़ ली देख आता जब अपनी ही माली
शर्म से मुँह छुपा रही है वो देखो मधुकर  की छोटी साली

चेहरा अपनी दिखा जा  जानम तुँ मेरी बन जा  हमराज
दोनों गगन में उड़ जायें बन जायें   आज  जोड़ा  परवाज
जहाँ मिलन की सजी हो अपनी एक सुन्दर सा आशियाना
भूल जायें सारे ही गम के जो बजते थे बन कर  कातिलाना

# वैद्यनाथ धाम में डॉक्टर हैं महादेव, दर्शन से दूर होते हैं सारे रोग!




महाशिवरात्रि 2026 के अवसर पर झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम मंदिर का विशेष महत्व है, जहां महादेव की वैद्य के रूप में पूजा होती है। यह 12 ज्योतिलिंगों में से एक है और लेख में यहां ट्रेन, फ्लाइट व सड़क मार्ग से पहुंचने की पूरी जानकारी दी गई है। महाशिवरात्रि का पर्व बेहद करीब आ चुका है। इस बार 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। इस दौरान भोलेनाथ के भक्त मंदिरों के दर्शन का प्लान बनाते हैं। इस दिन शिव-शक्ति का मिलन हुआ था। यह दिन महादेव का सबसे खास दिन माना जाता है। अगर आप चाहते हैं कि भगवान शंकर आपकी मनोकामना को पूर्ति करें, तो भोलेबाबा के इस ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन के जरुर जाएं। इन्हीं में से एक झारखंड के देवघर का मंदिर है। बैद्यनाथ धाम से प्रसिद्ध यह मंदिर, अपनी चमत्कारी कथाओं के लिए जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में महादेव द्य रूप में पूजे जाते हैं। यह मंदिर महादेव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। जो भी भक्त अपनी बीमारियों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो महादेव का आशीर्वाद चाहते हैं, तो इस मंदिर के दर्शन का प्लान जरुर बनाएं।

**कहां है बैद्यनाथ धाम ?**

झारखंड के देवघर में यह मंदिर स्थित है। यह 12 ज्योतिलिंगों में से एक है, इसलिए यहां जाने के लिए आपको साधन की कमी नहीं मिलने वाली है। ट्रेन, बस या अपनी गाड़ी से भी जा सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि महाशिवरात्रि के दिन भक्तों की भीड़ यहां बहुत ज्यादा होती है। यहां पर लोगों की लंबी लाइन लग जाती है। दर्शन के लिए जा रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

**कैसे पहुंचे ?**

ट्रेन से - यदि आप देवघर जाना चाहते हैंस तो आप ट्रेन से जा सकते हैं। आप देवघर रेलवे स्टेशन के लिए टिकट बुक करें। देवघर का कोड (ऊक्ष्ल्फ) है। आपको पटना, रांची और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से सीधी ट्रेन मिल जाती है। इसे महादेव के खूबसूरत मंदिर में से एक भी माना जाता है। स्टेशन से करीब 10 किमी की दूरी पर मंदिर स्थित है।

**फ्लाइट से**

यदि आप प्लेन से आने का प्लान कर रही हैं, तो देवघर में एयरपोर्ट भी है। कई शहरों से यहां तक के लिए फ्लाइट मिलती है। यहां पर आने के बाद आप कैब या ऑटो लेकर मंदिर जा सकती हैं।

इसके अलावा, आप रांची और पटना में भी एयरपोर्ट मिल जाएगा।

**सड़क मार्ग से**

यदि आप सड़क के जरिए बस या अपनी गाड़ी से जाना चाहते हैं, तो आपको पहले देवघर का रूट लेना होगा। पटना, रांची, भागलपुर, धनबाद और कोलकाता जैसे शहरों से आपको सीधी बसें मिल जाएंगी। स्टेट हाइवे के जरिए प्राइवेट कार और टैक्सी मिल जाएगी, जिससे आप आसानी यहां पहुंच जाएंगे।

**बैद्यनाथ धाम मंदिर समय**

मंदिर सुबह 4 बजे खुलता है और रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। हालांकि दोपहर 3:30 बजे से शाम 5 बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। ऐसे में यदि आप दर्शन की योजना बना रही हैं, तो वीआईपी टिकट लेना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। सामान्य दर्शन में लगभग 4 घंटे या उससे भी अधिक समय लग सकता है, जबकि 300 रुपये का वीआईपी टिकट लेने पर समय की काफी बचत हो जाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मदरसा मदीनतुल उलूम कोटकादर में दो रोजा जलसा व दस्तार बंदी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**जनपद बिजनौर** रायपुर सादात।मदरसा इस्लामिया अरबिया मदीनतुल उलूम जामा मस्जिद कोटकादर में दो रोजा जलसा व तकरीब बुखारी शरीफ और दस्तार बंदी हुआ। जिसमे जलसे की पहली नशिस्त इशा की नमाज के बाद निजामत मौलाना सलीम साहनपुरी, सदारत मुफ्ती उवैस अकरम, ने अंजाम दिए, और पहली नशिस्त में मुफ्ती रिफाकत साहब उसताज हदीस दारुल उलूम वक़्फ देवबंद ने खिताब किया व कारी आफताब आलम उस्ताज शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने तिलावत ए कलाम ए पाक से आगाज किया, और नात ए पाक हमजा अयाज बिजनौरी ने गुन गुनाई।और ठाकुरद्वारा से आए मौलाना मोहम्मद शाहनवाज साहब ने पहली नशिस्त में खिताब किया। मौलाना शाहनवाज ने अपने बयान में बताया आमाल में वजन पैदा करने के लिए दो चीजों का होना जरूरी है।, 1 इखलास, 2 शरीअत व सुन्नत के मुताबिक इख्लास के साथ किया गया थोड़ा सा अमल भी अल्लाह की निगाह में बड़ी अहमियत का हामिल होता है। और आगे कहा कि अपनी नौजवान बेटियों को बिना बुर्के के घर से बाहर न निकाले।और मुफ्ती मोहम्मद खालिद मेरठ व मुफ्ती इफि्तखार किरतपुरी ने भी खिताब किया।, दूसरे दिन सदारत मौलाना मोहम्मद असलम साहब ओर तिलावत ए कलाम ए पाक का आगाज दारुल उलूम देवबंद से आए मौलाना कारी शफीकुर्रहमान साहब उसताज शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने किया।और कन्नौज से आए शायर मुफ्ती तारिक जमील ने नात ए पाक का हदया पेश किया।उसके बाद रामपुर से आए मौलाना मोहम्मद अंसार साहब ने बयान किया ने पर्दे पर रोशनी डाली, संभल से आए मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर साहब ने भी इस्लाही मुआशरे पर खिताब करते हुए कहा कुरान और हदीस पर अमल करते रहो और अपने बच्चों को मदरसे में तालीम हासिल के लिए भेजा करें। उसके बाद मौलाना मोहम्मद असलम साहब ने मुल्क में अम्नों अमान के लिए दुआ कराई। आखिर में मौलाना मुनाजिर हसन साहब नाजिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी महमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर मुफ्ती ताइब, मौलाना लईक मौलाना इम्तियाज मुफ्ती रिजवान, मौलाना शाकिर, मुफ्ती अफफान, मौलाना उसामा, मौलाना मुस्तजाब, मुफ्ती आफाक, मौलाना अफजल, मौलाना शानै आलम, हकीम कारी याहया अंसारी (पत्रकार) कारी शमीम, कारी फुरकान, कारी महबूब, कारी तय्यब, कारी अब्दुल कदीम, कारी तौफीक, कारी हसन, कारी सद्दाम, कारी अरशद कारी जुबैर कारी तस्लीम, कारी शाहनवाज, कारी मोहसिन, कारी महताब, हाफि ज खलील, आदि उलामा ने शिरकत की।

# कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन अलर्ट मोड पर




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद कावड़ यात्रा के मद्दे नजर प्रशासन अलर्ट मोड पर है बुधवार दोपहर 1:00 बजे उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकार ने थाना मंडावली वह नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान एसडीएम और सीओ ने कांवड़ मार्ग पर लगाए गए बैंकिंग पुलिस विकेट यातायात व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति की जांच की उन्होंने यह भी देखा कि कांवड़ियों के अभागन में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं आ रही और आपात स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त इंतजाम है या नहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लागू किए गए डायवर्सन प्लान की भी समीक्षा की गई एसडीएम और सीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## वनडे कैंप का दूसरा दिन सड़क सुरक्षा अभियानॽ के रूप में मनाया




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में वनडे कैंप का दूसरा दिन ॽसड़क सुरक्षा अभियानॽ के रूप में मनाया गया। जिनमें चाहत, शिल्पी , फरहाना, साहीबा, निशा , मेहविश , मेहरीन , अवधेश , अंजुला और आशीष आदि छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने सड़क पर जाकर बिना हेलमेट के बाइक सवार तथा बिना सीट बेल्ट के कार सवार को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया और हेलमेट तथा सीट बेल्ट को अनिवार्य बताकर सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करना अनिवार्य बताया। डॉ एच० जी० पाठक ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा । क्योंकि हम सुरक्षित हैं तो हमारा परिवार भी सुरक्षित है। दीपक सरोहा ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उप प्राचार्या डॉ० शिवानी शर्मा, पारुल राव, नैंसी त्यागी, स्वाति शर्मा, अमित कुमार, अमित चौहान, हर्षी अग्रवाल, बृजबाला और अभिषेक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित किड्स वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आज भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीमती कांता करदम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का बलिदान 11 फरवरी 1968 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेता, दूरदर्शी विचारक तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। उन्होंने स्वदेशी आर्थिक मॉडल और अंत्योदय यानी गरीबों के उत्थान का विचार दिया। वे एक प्रखर संगठनकर्ता थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) से भी जुड़े रहे। उन्होंने ह्यराष्ट्र धर्मह्न और ह्यपांचजन्यह्न जैसी पत्रिकाओं का संपादन भी किया।क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और विचार पूरे विश्व के लिए आदर्श हैं। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम रामप्यारी देवी और भगवती प्रसाद उपाध्याय था। उन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया, जो व्यक्ति और समाज तथा भौतिकता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन पर जोर देता है।जिलाध्यक्ष कविता मादरे ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय था, जिसका अर्थ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास है। उन्होंने विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था और स्वदेशी उद्योगों की वकालत की। वे वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय से महासचिव रहे और बाद में 1967-68 में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।उनका निधन 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन पर रहस्यमयी परिस्थितियों में हुआ, जिसे आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के नाम से जाना जाता है। उन्हें सादा जीवन, उच्च विचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण के लिए सदैव याद किया जाता है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, ब्लॉक प्रमुख ममता तेवतिया, जिला महामंत्री मोहन सिंह, राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, ललित मोदी, महेश शर्मा, अमित सिवाल, तरुण चौहान, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, राजीव शर्मा, मुदित गोयल, गौरव गोयल, विनोद गुप्ता, अशोक बबली, कपिल एस.एम., सोनू गर्ग, नितिन पाराशर, अमित शर्मा, सोनू ठाकुर, पायल गुप्ता, सौदान सिंह, कुणाल चौधरी, गौरव रूडकिवाल, विक्रांत शर्मा, अशोक पाल, शिव ठाकुर एवं जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किन्नरों के झगड़े में लापरवाही, बिजनौर शहर कोतवाल निलंबित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर** शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी को किन्नरों के दो गुटों के बीच थाने के भीतर हुई मारपीट के मामले में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने प्रारंभिक जांच में शिथिलता पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है। घटना 10 फरवरी की है, जब इलाके के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के समाधान के लिए किन्नरों के दो पक्ष शहर कोतवाली पहुंचे थे। बताया जाता है कि रानी पक्ष पहले से थाने में मौजूद था। बाद में नैना और शबनम का गुट वहां पहुंचा। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते कोतवाली परिसर में ही दोनों ओर से लात-घूंसे चलने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह दोनों गुटों को अलग कराया। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया और 14 किन्नरों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों में क्षेत्र को लेकर लंबे समय से तनातनी चल रही थी। घटना के वीडियो फुटेज भी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचे थे। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी नगर को सौंपी गई थी। सीओ सिटी की प्रारंभिक जांच में प्रभारी निरीक्षक की ओर से लापरवाही सामने आने पर एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का सफल समापन




**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**

**चाँदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इह्ली२२ल्लॅ डी३िङ्गल्ल८ का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा, भावनात्मक क्षणों एवं प्रेरणादायक वातावरण से परिपूर्ण रहा। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर लक्ष्य पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समारोह का समापन किया।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटी नजीबाबाद नगर पालिका: कांवड़ियों के लिए रात्रि विश्राम शिविर का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद। शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा एक रात्रि विश्राम शिविर का आयोजन किया गया है। इस सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम और अधिशासी अधिकारी (एड) प्रिंस कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर के संतोषी माता मंदिर के समीप स्थित इस शिविर में शिव भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष और ईओ ने कांवड़ियों को फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि प्रतिवर्ष कांवड़ियों का बड़ा जत्था संतोषी माता मंदिर मार्ग से होकर गुजरता है, जिसे देखते हुए पालिका प्रशासन ने यहाँ उनके ठहरने, स्वच्छ पेयजल और आराम की पुख्ता व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिविर में निःशुल्क दवाई वितरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि लंबी यात्रा से थके कांवड़ियों को तत्काल राहत मिल सके। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है और नगर पालिका उनके स्वागत व सुविधा के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस गरिमामय अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार के साथ अफजाल अहमद, अजमल खान सहित पालिका के अनेक गणमान्य लोग और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु महिला उद्यमिता जरूरी डॉ0 पूनम परिहार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद में स्वयं सेवी संस्था संदेश के द्वारा महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमें महिलाएं अपने किसी भी कौशल को घर बैठे लोगों तक पहुंचने का कार्य बहुत ही आसानी से कर सकती है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव डॉ0 पूनम सिंह परिहार ने बताया कि संदेश ने आईजीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वाह के अंतर्गत कनेक्टिंग ड्रीम फाउंडेशन के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें महिलाएं ईकॉमर्स (ऑनलाइन मार्किटिंग) के माध्यम से स्वयं के बनाये उत्पादकों को बेचने के तरीकों को विस्तार से समझाया। कनेक्टिंग ड्रीम फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर सूर्यकान्त ने बताया कि ऑनलाइन मार्किटिंग में अपने ब्रान्ड का नाम, लोगो व अन्य आवश्यक मानकों को पूरा करके उनको पंजीकृत कराना आवश्यक होता हैं। तथा अपने उत्पादों का फोटो या वीडियो के जरिए प्रचार कर अपने उत्पाद को बेचना जा सकता हैं। परियोजना प्रबन्धक निमानता सिन्हा ने महिलाओं को ईकॉमर्स प्रक्रिया से जुड़ने के तरीकों के कारण में विस्तार से समझाया। संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 48 महिलाओं व नवयुवतियों ने भाग लिया। संस्था द्वारा समय समय पर इन सभी को ईकॉमर्स मार्किटिंग के बारे में सहयोग करती रहेगी। इस अवसर पर परियोजना सान्वयक संजीव भारद्वाज, मोनी शर्मा, चेतना विश्वकर्मा, अंशू शर्मा, गीता शर्मा, अंजली, संगीता शिशोदिया, पूनम, संगम राणा, पूजा, हेमलता देवी आदि उपस्थित रहे।

## यूनिवर्सल एकेडमी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ विदाई समारोह

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। सर्व प्रथम कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने कक्षा बारह के विद्यार्थियों का तिलक लगाकरऔर फूल बरसा कर स्वागत किया इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने कई आकर्षक प्रस्तुति देकर धूम मचाई। कक्षा बारह के विद्यार्थियों केलिए विभिन्न फन गेम्स का आयोजन किया गया। जिनमें बच्चों ने खूब उत्साह दिखाया। समारोह के दौरान रैंप पर कैटवाक, स्पीच, नृत्य और मधुर गीतों से छात्र छात्राओं ने सबका खूब मनोरंजन किया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने इस दौरान हर विषय के अध्यापकों को याद किया और अपने अनुभवों और यादों को सबके सामने साझा किया।

# पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के मुरादाबाद आगमन पर स्वर्ण समाज एवं ब्राह्मण महासभा द्वारा भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**मुरादाबाद।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट एवं यूजीसी कानून के विरोध में आधिकारिक पद से त्यागपत्र देने वाले अलंकार अग्निहोत्री मुरादाबाद पहुंचे। उनके आगमन पर स्वर्ण समाज एवं ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। लाइनपार स्थित माता मंदिर में दर्शन-पूजन के पश्चात उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित किया प्रेस वार्ता में अलंकार अग्निहोत्री ने यूजीसी कानून को ह्लदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा काला कानूनह्व बताते हुए कहा कि ठएढ 2020 के नाम पर विदेशी एजेंडे को लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भारतीय शिक्षा, संस्कृति और स्वायत्तता को गहरी चोट पहुंच रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्होंने पद और सुविधा से ऊपर सत्य और राष्ट्रहित को चुना है उन्होंने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज से जुड़े हुए हैं और शिक्षा बचाने की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। युवाओं से उन्होंने यूजीसी कानून के खिलाफ लोकतांत्रिक एवं वैचारिक आंदोलन को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि अलंकार अग्निहोत्री का त्यागपत्र समाज और राष्ट्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। ब्राह्मण समाज सत्य और राष्ट्रहित के साथ मजबूती से खड़ा है। माता मंदिर प्रांगण ह्यजय माता दीह्न और राष्ट्रहित के नारों से गूंज उठा। उपस्थित जनसमूह ने अलंकार अग्निहोत्री के विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि यूजीसी कानून एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र ही व्यापक विचार-गोष्ठी एवं जनजागरण अभियान चलाया जाएगा

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारणी की हुई बैठक।

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बुलंदशहर की जिला कार्यसमिति की बैठक आज ब्रेक प्वाइंट रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा तथा संचालन जिला मंत्री बाबू सिंह ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन की पहुँच और सदस्यता को व्यापक बनाने के लिए 22 दिसम्बर तक एक विशेष सदस्यता अभियान चलाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान के बाद विकास क्षेत्रों से प्राप्त अन्नतिम सदस्यता सूची दिनांक 25.01.2025 को प्रांतीय कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है, अभी यदि किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 20.02.2025 तक अपनी आपत्ति जिलामंत्री को दर्ज करा सकते हैं।आपत्ति सही पाए जाने पर सदस्यता सूची में नाम सम्मिलित कर लिया जाएगा। अभी तक किसी कारण से संगठन की सदस्यता शुल्क जमा न करने वाले सदस्यों को यह अंतिम अवसर है। जिला कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जिन विकास क्षेत्रों के निर्वाचन का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है उनके ब्लॉक अध्यक्ष पद पर चुनाव में कराए जाएं एवं निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया जाए। सर्व सम्मति से विकास क्षेत्र शिकारपुर पहासू दानपुर अगौता लखावटी, बीबी नगर, खुर्जा स्याना जहांगीराबाद में निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया।

# हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट 2026 की परीक्षाओं के संबंध में जिलाधिकारी ने बीएसए कॉलेज में ली बैठक

वेलकम इण्डिया



**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में समस्त जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ससमय सेंटर, केंद्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। परीक्षाएं दिनांक 18 फरवरी से 12 मार्च तक जनपद के 119 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होंगी।

परीक्षा हेतु 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 119 केन्द्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बालक 19161 तथा बालिका 16027, कुल 35188 है। इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु बालक 20768 तथा बालिका 14213, कुल 34981 है। परीक्षा हेतु 11 राजकीय, 73 सहायता प्राप्त तथा 35 वित्त विहीन केंद्र है। जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9454457564 है। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचारूपूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराने हेतु जिलाधिकारी ने सभी जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक करे। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करे।

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिन दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण करे। परीक्षा केन्द्रों में लगे सी०सी०टी०वी० कैमरों तथा वायस रिकार्डर के सही ढंग से कार्य करने की प्रतिदिन जांच करना तथा सही ढंग से कार्य व करने की दशा में जिला विद्यालय निरीक्षक कन्ट्रोल रूम के नोडल अधिकारी को सूचित करे। प्रश्नपत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव की व्यवस्था देखे।

प्रत्येक सेक्टर जोन में नियुक्त सचल दलों से नियमित सम्पर्क में रहे तथा फीडबैक ले। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरन्तर सघन निरीक्षण करे। यह भी सुनिश्चित करे कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। परीक्षा के दौरान केन्द्र के समीप भीड़ एकत्रित नहीं होने दे। परीक्षा प्रारम्भ एवं समाप्ति के समय भी इसका विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विवेकानंद इंटर कालेज में 54 मेधावी बच्चों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार



वेलकम इण्डिया

**गरुड़।** खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज गरुड़ में स्व. कमला नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। चयनित 54 मेधावी छात्र-छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अल्मोड़ा से आए विवेकानंद इंका के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल ने कहा कि कड़ी मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में उनकी माताओं का विशेष योगदान होता है। विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष भावना वर्मा ने कहा कि विद्या भारती के स्कूल संस्कारों के साथ ही बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए संकुल प्रमुख डा.अव्वल सिंह तोपाल ने कहा कि विकासखंड में सर्वाधिक 54 पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। वरिष्ठ आचार्या भावना रावत ने व्याख्यान देते हुए कहा कि सभी माताएं पॉजिटिव सोचें और अपने बच्चों का एक निर्धारित लक्ष्य बनाएं। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत से ही विद्यालय को यह सम्मान मिला है। संचालन सीएस बड़सीला ने किया। इस दौरान सभासद बबीता नेगी, ममता, मोनिका वर्मा, वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा. आलम सिंह उनियाल, श्यामाचरण पाटनी, उमेश टंगड़िया आदि मौजूद थे। ये मेधावी भी हुए सम्मानित हाईस्कूल - हर्षित पांडे, योगिता भयेड़ा, आशीष भट्ट, भूमिका, आंचल इंटर - सागर सिंह, पल्लवी जोशी आदि।

# गोवर्धन की इंद्रा कॉलोनी में लाखों की चोरी, लड़की की शादी से पहले चोरों ने किया हाथ साफ



वेलकम इण्डिया

**मथुरा/गोवर्धन।** सोख अड्डा के समीप स्थित इंद्रा कॉलोनी में बुधवार तड़के चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। रात करीब 1 बजे के आसपास घटना होने की आशंका जताई जा रही है। जब परिजनों की आंख खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और अलमारी के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित परिवार के अनुसार अगले महीने उनकी बेटी की शादी निर्धारित है। शादी के लिए घर में रखा करीब 9.50 तोला सोना, लगभग 4.30 किलो चांदी एवं नगद राशि सहित कुल लगभग 24 से 25 लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी हो गया। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## जिला कृषि अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर मांगा जबाव

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** साहब की सूचना के बाद भी खाद-बीज विक्रेताओं का फार्म रजिस्ट्री कैम्प में भाग न लेना भारी पड़ सकता है। छाता उप संभाग कार्यालय पर 11 फरवरी को होने वाले कैम्प में छाता के 8 खाद-बीज विक्रेता नहीं पहुंचे। इसके चलते कैम्प फेल हो गया। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जबाव दाखिल करने को कहा गया है। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार की सूचना के अनुसार छाता उप संभाग कार्यालय पर 11 फरवरी को एफ आई डी कैम्प होना था। इसमें ज्यादा से ज्यादा किसानों को आमंत्रित करने का जिम्मा विभागीय कर्मचारी के अलावा खाद बीज विक्रेताओं को सोंपा गया। संयुक्त कृषि निदेशक आगरा मण्डल आगरा के आह्वान पर आयोजित इस कैम्प में सहयोग करना तो दूर विक्रेता खुद नहीं आए। वजह चाहे जो हो लेकिन सरकार की महत्वपूर्ण फार्म रजिस्ट्री योजना में किसानों के न आने से कैम्प फेल हो गया। जिला कृषि अधिकारी ने छाता के आई एफ डी सी कृषक सेवा केन्द्र, शर्मा खाद भण्डार, भगवान खाद बीज भण्डार, चौ महेश खाद बीज भण्डार, कृषि सेवा केन्द्र, लकी खाद बीज भण्डार एवं शाकुम्भरी ट्रेडर्स को तीन दिन का समय देते हुए कारण बताओ

# राइका मैगड़ीस्टेट में बच्चों को दिए करियर बनाने के टिप्स



वेलकम इण्डिया

**गरुड़।** विकासखंड के राजकीय इंटर कालेज मैगड़ीस्टेट में करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग के प्रभारी अजय कुमार ने विद्यार्थियों की काउंसलिंग करते हुए सभी बच्चों से उनके करियर के बारे में पूछताछ की। बच्चों को संबंधित क्षेत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए गाइडेंस की जरूरत पड़ती है। विभिन्न माध्यमों के बारे में बताकर बच्चों को प्रेरित किया और इसके लिए करियर संबंधी आवश्यक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाकर उनकी जानकारी दी गई। प्रभारी अजय कुमार ने विभिन्न कक्षा स्तर में विषय चयन, प्रशासनिक सेवाओं, तकनीकी क्षेत्रों, व्यवसायिक क्षेत्रों तथा अन्य क्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रवक्ता मनीष कर्नाटक, गीता रावत, किरन, हिमांशु गुप्ता आदि शिक्षक उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।

# सभी कार्ययोजनाओं को समयबद्ध होकर पूर्ण करने के दिए निर्देश


वेलकम इण्डिया




**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, जनपद में संचालित ग्राम्य विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में सभी विकासखंडों से खंड विकास अधिकारी एवं मनरेगा कार्मिक वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने मनरेगा के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न मानकों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मार्च माह तक सभी लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने मनरेगा को विकसित भारतझजी राम जी योजना में प्रभावी रूप से ट्रांजिशन करने, न्यूनतम नए कार्य प्रारंभ करने तथा वर्तमान में संचालित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने विकसित भारतझजी राम जी अधिनियम 2025 की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम के तहत 125 दिन के रोजगार की गारंटी, पारदर्शी भुगतान व्यवस्था तथा पंचायत आधारित योजना निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक इस अधिनियम की जानकारी व्यापक रूप से पहुंचाई जाए और ग्रामीणों को तथ्यों से अवगत कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीण जनता से अपील की कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित बैठकों और जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राम स्तर पर ह्लभ्रम बनाम तथ्य संवादह्व, ह्लअधिकार संरक्षण संकल्प दिवसह्व और ह्लश्रमिक सम्मानह्व जैसे साप्ताहिक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीणों में रोजगार अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाना है, ताकि आत्मनिर्भर और विकसित गांव की परिकल्पना साकार हो सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या सहित समस्त बागेश्वर विकासखंड अधिकारी आलोक भंडारी, केअलावा गरुड़ व कपकोट खंड विकास अधिकारी एवं मनरेगा कार्मिक वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# लेखिक अनीता और सीपी सिकरवार की पुस्तक समेत एक दर्जन नव प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण

वेलकम इण्डिया



**मथुरा।** साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ह्ल ब्रजभाषा पाटोत्सव समारोह₹ में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पत्रकार और लेखिका डॉ. अनीता चौधरी के अलावा वृंदावन के डॉ. बृजभूषण चतुर्वेदी, गोपाल कृष्ण दुबे तथा नंदगांव के लोकेश गोस्वामी को प्रतिष्ठित ₹ब्रजभाषा विभूषण₹ उपाधि से अलंकृत किया गया। मथुरा के शिक्षक राजेंद्र केशोरैया, श्रीमती देवकी, चित्रकार सुश्री उमा शर्मा तथा लेखक देवी प्रसाद गौड़ को भी विभिन्न मानद उपाधियों से विभूषित किया गया। पाटोत्सव समारोह में डा. अनीता चौधरी ने ब्रजभाषा में काव्य पाठ किया, जबकि रिचा रावत (राया) और चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। समस्या-पूर्ति कार्यक्रम में सत्य प्रकाश शर्मा (वृंदावन) और अंजीव अंजुम (राया) आदि साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किए। साहित्य मंडल नाथद्वारा के सचिव श्याम प्रकाश देवपुरा ने कहा कि ब्रज के साहित्य मनीषियों की ब्रज भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए दी जा रही सेवाएं अत्यंत अनुकरणीय हैं। पाटोत्सव में लेखिका डॉ. अनीता चौधरी के कहानी संग्रह ह्लकाश, मैं गरीब होतीह्व का विमोचन किया गया। साथ ही चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार की पुस्तक ह्लस्वाधीनता के समाजवादी स्वर (राजस्थान के क्रांतिकारियों की संघर्ष गाथा)ह्व का विमोचन हुआ। कपिल उपाध्याय की लिखित पुस्तक ह्लब्रज की स्थापत्य कला विलुप्ति की ओरह्व साहित्य मंडल को भेंट की गई।

# पंडित नगला चौकी के पास कार वर्कशॉप में चोरी



वेलकम इण्डिया

**मुरादाबाद** के कटघर थाना क्षेत्र स्थित पंडित नगला चौकी के पास एक कार मरम्मत वर्कशॉप में चोरी की घटना सामने आई है। वर्कशॉप स्वामी मुस्तफा के अनुसार, वह 10 फरवरी की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे और उस समय सारा सामान सुरक्षित था। 11 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि वर्कशॉप के अंदर रखा कीमती सामान गायब था। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। यह घटना पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई है, जिससे यूपी पुलिस और मुरादाबाद पुलिस के कानून व्यवस्था के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च व पुतला दहन

वेलकम इण्डिया



**मुरादाबाद** में कटअट-ए-टएल्ऊक डवळ्ल टकररकडठ हर के तत्वावधान में इस्लामाबाद, पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए आतंकी हमले के विरोध में एक व्यापक शोक सभा का आयोजन अध्यक्ष हसन जेदी एडवोकेट के नेतृत्व में बेतुस सलात इमाम बारगाह मोहम्मदिया होल आजाद नगर में किया गया। इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और आतंकवाद के विरुद्ध संगठित विरोध दर्ज कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है शोक सभा के पश्चात कैंडल मार्च निकाला गया और आतंकवाद और पाकिस्तान सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया गया। मौलाना अली हैदर नूरी साहब ने सभा की अध्यक्षता की और मौलाना नाज साहब ने संचालन किया। वक्ताओं ने पाकिस्तान में शिया समुदाय पर हो रहे आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की और इसे मानवता, अमन और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद राज्य संरक्षण में फल-फूल रही नीति का परिणाम है और शिया, हजारा और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमले इस सच्चाई का प्रमाण हैं। कार्यक्रम में कटअट-ए-टएल्ऊक डवळ्ल टकररकडठ हर के अध्यक्ष हसन जैदी ने कहा कि पाकिस्तान सरकार शिया नागरिकों की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है और अब केवल निंदा नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख़्त कार्रवाई जरूरी है। कार्यक्रम में इमामबाड़ा कमेटी के सचिव डॉ. कयाम रजा, कमर अब्बास, मौलाना तनवीर, मिशन के उपाध्यक्ष सलीम रजा, संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी जैनुल इबाद काजमी वसी अब्बास नकवी, मो. अब्बास (जरी वाले), मीसम नकवी, राजू, नाज़िश, मासूम रजा, मेराज पाशा, खुशनूद अनवर, शवाब नकवी, काशिफ, अस्करी, शजर मेहदी, आमिर खान, असद खान, परवेज, शाहिद, कलाम, अधिवक्ता दानिश रिजवी, अली वाहिद, आकिल सैफी, रईस पाशा सहित अन्य सामाजिक, धार्मिक व युवा संगठनों के पदाधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में शिया एवं सुन्नी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक, धार्मिक और युवा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि आतंकवाद के खिलाफ यह संघर्ष पूरे समाज और इंसानियत की साझा लड़ाई है।

# गन्ना मिल मालिक ठेकेदार व सिक्योरिटी गार्ड पर लगे गंभीर आरोप

वेलकम इण्डिया



**मुरादाबाद** के अगवानपुर स्थित दीवान शुगर मिल में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात एक कर्मचारी अरविंद कुमार की मशीन में फंसकर मौत हो गई। मृतक अरविंद कुमार थाना मझोला का रहने वाला था। परिजनों ने मिल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हादसे के बाद करीब छह घंटे तक मशीन लगातार चलती रही और किसी ने भी अरविंद की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया। घटना की सूचना भी काफी देर से दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। आला अधिकारियों सहित तीन थानों की फोर्स मौके पर तैनात है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में मृतक की पत्नी अनीता ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक प्रार्थना पत्र सोपा है और मील मालिक ठेकेदार और सिक्योरिटी गार्ड पर लापरवाही जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# गांधी बाग में लाइट एंड साउंड शो का होगा कार्यक्रम टिकट से मिलेगी एंट्री, मेडा कराएगा सिस्टम का इंतजाम

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ** । पब्लिक के लिए माल रोड स्थित गांधी बाग में लाइट एंड साउंट के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसका जो सिस्टम है वह मेरठ विकास प्राधिकरण मुहैय्या कराएगा। सिस्टम को लगाने के लिए गांधी बाग में जगह भी तय कर दी गयी है। दरअसल में मंगलवार को मेडा अधिकारी छावनी परिषद कार्यालय पहुंचे उक्त योजना की चर्चा के बाद कैंट बोर्ड के सीईओ जाकिर हुसैन और मेडा के वीसी संजय कुमार मीणा गांधी बाग पहुंचे थे। उन्होंने पूरे गांधीबाग का निरीक्षण किया। ये दोनों अधिकारी गांधी बाग से सटे क्रिकेट प्ले ग्राउंड पर भी पहुंचे थे। इनके आने की वजह लाइट एंड साउंट सिस्टम के लिए जगह को तलाशना था। सीईओ ने गांधी बाग में तीन जगह दिखाईं। जिसमें क्रिकेट ग्राउंड व बच्चापार्क भी दिखाया गया, लेकिन गांधी बाग में कैंटीन के समीप खाली पड़ी जगह इसके लिए तय की गयी। बताया गया है कि लाइट एंड साउंड शो का जो भी सिस्टम है उसको मेडा की ओर से मुहैय्या कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए एंट्री का सिस्टम टिकट से होगा। इस टिकट से जो आमदगी होगी वह कैंट बोर्ड के हिस्से में आएगी। उम्मीद की जा रही है कि यह बहुत शीघ्र शुरू होने जा रहा है बता दें मेरठ विकास प्राधिकरण (टऊअ) 1857 की क्रांति के शहीदों को समर्पित स्मारक को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए एक लाइट एंड साउंड शो योजना पर काम कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसके लिए 4.3 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, *जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को आधुनिक लाइटिंग और ध्वनि के माध्यम से जीवंत करना है। लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से ऐतिहासिक घटनाओं का प्रदर्शन, जिसमें बेहतर प्रकाश और ध्वनि तकनीक का उपयोग किया जाएगा। यह पहल शहर के पर्यटन को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को क्रांति के इतिहास से अवगत कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी सवार दो घायल

**मिजार्मुराद**। क्षेत्र के बंगलाचट्टी (मिजार्मुराद) स्थित हाईवे के किनारे बने सर्विस लेन पर बुधवार की दोपहर में मिजार्मुराद बाजार से स्कूटी से माला-फूल लादकर वाराणसी के तरफ जा रहे स्कूटी सवार मडुवाडीह थाना क्षेत्र के मडौली निवासी राज नारायण सिंह व कृपा शंकर को पीछे से आ रही एक अज्ञात कार धक्का मारते हुए वाराणसी के तरफ भाग निकली।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस की मदद से वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।वही क्षतिग्रस्त स्कूटी को रोड हटाने के बाद घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी।दोनों लोग निगतपुर (मिजार्पुर) से माला-फूल खरीदकर वापस घर जा रहे थे।

# आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना बेलहर कला पर आयोजित की गई पीस कमेटी की मीटिंग

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बेलहर कला अनिल कुमार द्वारा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना बेलहर कला पर पीस कमेटी की मीटिंग की गई । जिसमें थाना क्षेत्र के धार्मिक धर्मगुरुओ, संभ्रांत व्यक्तियो ने पीस कमेटी की मीटिंग में भाग लिया । लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहर कला द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या सांप्रदायिक टिप्पणी न करे। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे, तो तुरंत थाने या यूपी 112 पर सूचना दें।

# आगामी पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर द्वारा संयुक्त रुप से तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी अलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्त रुप से आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर परिसर में शिवरात्री पर्व के सम्बन्ध मे की जा रही तैयारियो के दृष्टिगत भ्रमण कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली गई एवं मन्दिर मे आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग व रुट डायवर्जन के बारे मे जानकारी ली गयी । महोदय द्वारा मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी लगवाने, अग्निशमन दल व वालेण्टियर्स की सेवा लेने के साथ ही खोया पाया कैम्प आदि स्थापित करने के लिये बताया बताया गया साथ ही मेला आयोजको व स्वयंसेवी संस्थाओ के सदस्यो से बात चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रधालुओं के आवागमन मार्ग, विश्राम स्थान, भोजन व्यवस्था व बिजली आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओ पर वार्ता की गई । निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे,, यातायात प्रभारी परमहंस, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण व मेला प्रबन्धन कमेटी के सदस्यगण मौजूद रहे ।

# टेट की अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री जयंत चौधरी के द्वारा टेट की अनिवार्यता के सम्बन्ध मे जारी किए गए पत्र के विरोध में बुधवार के दिन प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अंबिका देवी,विजय नाथ यादव,के सी सिंह के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने केंद्रीय मंत्री का पुतला डीएम कार्यालय पर फूंका गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनपद के नौ ब्लॉक के शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए।यहां जयंत चौधरी का हाथों में पुतला लेकर टेट की अनिवार्यता समाप्त करने ,शिक्षक एकता जिंदाबाद,केंद्रीय मंत्री मुदार्बाद का नारा लगाते हुए डीएम कार्यालय पर पहुंचे।जमकर नारेबाजी करते केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का पुतला फूंका।मौके पर पुलिस मौजूद रही।केंद्रीय मंत्री के टेट के बारे में जारी पत्र के विरोध आक्रोशित दिखे।टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की।ये शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में जनपद के बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर विजयनाथ यादव,के सी सिंह,जफीर अली,जयभान चौधरी,राम शरण यादव,अरुण यादव,मो आजम,राम निवास,प्रमोद पाठक,प्रेम प्रकाश दुबे,अब्दुर्रशीद,राम करन पासवान,राजकुमार शुक्ला, कुम कुम राय,संगीता सिंह,शैलेन्द्र क न्नौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव,चंद्रपाल सिंह, सुयेब अहमद,राम नाथ यादव,राकेश मौर्य,सुनीता,चंद्रसेन मणि,जनार्दन चौधरी,राम निहोर,विपिन वर्मा, विकास सिंह , पवन कुमार राय, मीरा भारती , चन्द्रेश यादव, बन्दना , अर्थना आदि समस्त शिक्षक / शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# अल हिलाल पब्लिक स्कूल बजहरा में भव्य विदाई समारोह, 35 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** अल हिलाल पब्लिक स्कूल बजहरा में बुधवार को विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अब्दुल आजाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन ने की। विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक तारिक आलम ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में निरंतर हो रहे सुधारों से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच संभव हुई है, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। इस अवसर पर विद्यालय के 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अयोध्या धाम के पुजारी पुत्र आचार्य का हुआ स्वागत



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।*** वाराणसी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर मंगलवार की रात अयोध्या धाम श्री राम मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी महाराज जी के छोटे पुत्र आचार्य प्रभु श्रीराम कृपा गुरुकुल वेद पाठशाला के अभिषेक तिवारी एवं अयोध्या धाम के आचार्य दुर्गा प्रसाद गौतम के काशी आगमन पर वरिष्ठ समाजसेवी विनीत त्रिपाठी एवं अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' द्वारा मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।वही विनीत त्रिपाठी द्वारा रुद्राक्ष का माला भी भेंट किया गया।आचार्य अभिषेक तिवारी ने कहां की सनातन के रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर रहने की जरूरत है और सभी लोग भगवान श्रीराम का ध्यान जरूर किया करे उसे दिमाक को बड़ी शांति मिलती है।करीब बीस मिनट रुकने के बाद शहर के लिए रवाना हो गए।इस दौरान धीरज पाठक 'बिल्ला', आर्यन त्रिपाठी, अभिषेक यादव, जितेन्द्र, संदीप तिवारी, आनंद तिवारी, प्रिंस समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान ने फाइलेरिया की दवा खाकर गांव मे शुरू किया अभियान

वेलकम इण्डिया

**लखनऊ** मंगलवार को माल ब्लॉक में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सर्वजन दवा सेवन का अभियान का शुभारंभ हुआ। विकास खण्ड माल के ग्राम पंचायत गोड़वा बरौकी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया। 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने दवा वितरण टीम के साथ स्वयं गांव मे भ्रमण किया। विश्वास पैदा करने के लिए उन्होंने लोगों के सामने खुद दवा खाया और अपने घर के बच्चों को दवा खिलाकर दिखाया। प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि ये दवायें किसी प्रकार का नुकसान नहीं करती हैं, दवा खाने के बाद यदि खुजली, उल्टी, मितली के लक्षण दिखते हैं तो इसका मतलब उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कृमि पहले से मौजूद हैं और ये लक्षण फाइलेरिया के नष्ट होने को दशार्ते हैं।

# संकट की घड़ी में अपनों के बीचः ग्राम मुतौली और उधरौरा के अग्नि पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक अब्बास अली

वेलकम इंडिया फतेह खान



**शुजागंज अयोध्या** मुतौली और उधरौरा में हुए भीषण अग्निकांड ने कई गरीब परिवारों के आशियाने और जीवन भर की कमाई को राख कर दिया। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी पीड़ित परिवारों के बीच पहुँचे और उनकी व्यथा सुनी। संवेदना और सेवा के मुख्य बिंदुः दुःख में बने सहाराः पूर्व विधायक ने जलकर खाक हो चुके घरों का मुआयना किया और अपना सब कुछ खो चुके परिजनों को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि ₹इंसानियत के नाते इस मुश्किल वक्त में हम पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।₹प्रशासन से मुआवजे की मांगः रुश्दी जी ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की कि अग्निकांड से हुए नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए और प्रभावित परिवारों को तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा व राहत सामग्री प्रदान की जाए। निजी स्तर पर मदद का भरोसाः उन्होंने पीड़ितों को आश्वासन दिया कि शासन-प्रशासन के स्तर के अलावा, व्यक्तिगत रूप से भी वे परिवारों की गृहस्थी दोबारा बसाने में हर संभव मदद करेंगे। अग्निकांड की त्रासदीः आग इतनी भीषण थी कि किसानों का अनाज, पशुओं का चारा और घर का कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया। पूर्व विधायक ने घायलों और प्रभावितों के लिए उचित चिकित्सा एवं भोजन की व्यवस्था पर भी जोर दिया। अब्बास अली जैदी 'रुश्दी' की इस पहल से प्रभावित परिवारों को संबल मिला है। क्षेत्र के लोग भी इस दुःखद समय में एकजुट होकर पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

# पी.एम.श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में मनाया गया वार्षिकोत्सव

संदीप तिवारी




**मिजार्मुराद कछवारोड़** । सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा गांव स्थित पी.एम.श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बुधवार को मस्ती की पाठशाला के तहत वार्षिकोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवापुरी विधायक नीलरतन पटेल 'नीलू' की पुत्री अदिति सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि सेवापुरी के खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, डांडिया, नाटक व कविता प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया।वही मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन अंदुर्रहमान व कल्पना सिंह द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू गुप्ता द्वारा किया गया।इस अवसर पर नोडल संकुल चन्द्रबली पटेल, आलोक कुमार त्रिपाठी, काशी नाथ यादव, शशिकांत दूबे, आशुतोष पांडेय, नदीम फातिमा, अवधेश विश्वकर्मा समेत छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# विशेष कैंप का आयोजन कर बिलों में किया गया सुधार

वेलकम इण्डिया



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज घण्टाघर स्थित व्यापार भवन पर जीआईएस सर्वे के अंतर्गत आ रही विसंगतियों के समाधान हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में भवन स्वामियों द्वारा स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर दिए गए, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी कैंप का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के अंतर्गत विसंगतियों में सुधार की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाने के नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुक्रम में आज घण्टाघर स्थित व्यापार भवन पर निगम के राजस्व विभाग द्वारा कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। सुधीर शर्मा ने बताया कि कैंप में 130 लोगों ने स्वतः प्रपत्र भरकर जमा कराये। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि 60 लोगों ने बिल के अंतर की धनराशि भी मौके पर ही जमा करायी। कुल एक लाख 45 हजार रुपये जमा किये गए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी व्यापार भवन पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया और विसंगतियों के समाधान की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा, महासचिव सुरेंद्र मोहन चावला, पूर्व पार्षद पुनीत चौहान व सुधीर मिगलानी आदि व्यापारियों ने नगरायुक्त का स्वागत किया और उन्हें व कर अधीक्षक को स्मृति चिह्नन देकर उनका अभिनंदन किया। कैंप में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र, सुशील कुमार, अंकित चौधरी, टीसी अंशुल गर्ग व अविनाश आदि रहे।

फोटो- कैंप में प्रपत्र जमा कर अपने बिलों में आयी विसंगतियों को ठीक कराते भवन स्वामी

फोटो- नगरायुक्त शिपू गिरि को स्मृति चिह्नन भेंट करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

# शिवरात्रि के उपलक्ष्य ब्रह्माकुमारीज ने निकाली प्रभातफेरी



वेलकम इण्डिया

**रुड़की**-ब्रह्माकुमारीज के महावीर एनक्लेव स्तिथ सेवा केंद्र से शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज सुबह भव्य शोभायात्रा के साथ प्रभातफेरी निकाली गई।राजयोगिनी बीके गीता ने शोभायात्रा को शिव ध्वज लहराकर रवाना किया।इससे पूर्व ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फैहराने के साथ ही रुड़की के शिव पुरम में भी सतीश भाई के नवनिर्मित भवन पर ईश्वरीय महावाक्य सुनाये गए व शिव ध्वजारोहण हुआ।शिव शोभायात्रा व प्रभातफेरी सेवा केंद्र से शुरू होकर गणेश चौक,गणेशपुर होते हुए शेखपुरी,सुभाष नगर,शिव पुरम पहुंची।सफेद वस्त्रों में संस्था से जुड़े भाई बहनों ने सदसन्देश देते स्लोगन की पट्टिकाएं हाथों में लेकर आम जन से बुराइयां छोड़ने व अच्छाई अपनाने की अपील की।इस अवसर पर बीके दीपिका ,बीके सपना,बीके पारुल,श्रीगोपाल नारसन, रामकुमार ,भोपाल सिंह,शिवकुमार, कुसुम, रेखा,अमरेश,अनिल,ब्रजपाल, कृष्ण छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# महिला महाविद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला** बुधवार को नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मोहल्ला रायजादगान स्थित हीरा लाल शिव मंदिर परिसर में किया गया। शिविर के शुभारंभ से पूर्व स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। इसके बाद प्राचार्य प्रो. डॉ. बृजभूषण के नेतृत्व में सभी स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें, उठें का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. बृजभूषण ने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस का लक्ष्य गीत ही शिविर के उद्देश्यों को दशार्ता है, जो समाज सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाओं को चेतना, विचार, पवित्रता और निष्काम भाव से लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, तभी समाज और राष्ट्र का विकास संभव है।शिविर के द्वितीय सत्र में राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तिगत गुणों को निखारकर स्किल डेवलपमेंट किया जा सकता है। कुकिंग, कम्युनिकेशन, टूर एंड ट्रैवल गाइड जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकसित कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर भी बना जा सकता है।विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम



वेलकम इण्डिया

**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी

ब्लॉक क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सविता सहित अन्य अधिकारियों ने फीता काटकर किया।प्रतियोगिता में जिले के पांचों ब्लॉकों के विजेता छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न दौड़, कूद, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और कुश्ती प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय सिक्का की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।अनेक स्पधाओं में आकाश, भोली, विक्रम, प्राची, विजय, पिंकी, युवराज, आयशा, आर्यन, फैजा, सन्नी, पूनम, शबनम, नाहिद सहित अन्य खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक सचिन चौहान ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मिशन शक्ति व साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**।नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की दर्जनों छात्राओं को थाना परिसर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं को सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। बुधवार को थाने पर तैनात महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने छात्राओं को मिशन शक्ति योजना के उद्देश्य बताते हुए आत्मरक्षा के तरीके, आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के उपाय तथा साइबर ठगी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों से बचने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने की अपील की।कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि आज के समय में छात्राओं का जागरूक होना बेहद जरूरी है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाना है। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी समस्या या खतरे की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें, आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहीं।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जयंत चौधरी का पुतला फूँका।

वेलकम इण्डिया



**बुलंदशहर**। प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िला अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की वार्ता में यह स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया था कि किसी भी शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी,इसके लिए सरकार को जो भी जरूरी कदम उठाना होगा सरकार उठाएगी। इतने बड़े और जिम्मेदार पद पर बैठकर यदि कोई भी आश्वासन दिया जाए तो उसे पूरा करना चाहिए, परंतु केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के राज्यमंत्री का जो पत्र आया है वह बहुत ही निराशाजनक है। सांसद जयंत चौधरी द्वारा प्रश्न के उत्तर में संसद में दिए गए बयान की जितनी निंदा की जाये वो वह कम है। ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने कसम खाली है कि देश में किसी को शान्ति से नहीं बैठने देंगे। देश के 20 लाख शिक्षक जो आपके द्वारा निर्धारित योग्यता हासिल करके शिक्षक बने हैं उन्हें सेवा में आने के 20-25 वर्ष वर्तमान की योग्यता हासिल करने को बाध्य करना कितना न्यायोचित है? 15-20 वर्ष पहले पुलिस,सेना या अर्धसैनिक बलों में 10 किमी की रेस लगाकर भर्ती अधिकारी या सैनिक को यदि आज दौड़ा दिया जाए तो विभाग खाली हो जाएगा। देश में कितने माननीय न्यायाधीश हैं जो आज उछअळ एअट में बैठने को तैयार हैं। 50-55 वर्ष के शिक्षकों को आज परीक्षा में बैठने को मजबूर किया जा रहा है और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तमाशा देख रहा है।देश के नागरिक अपने सांसद इसलिए चुनते हैं कि संसद में उनके हितों की रक्षा करेंगे।

देश की संसद में सभी राज्यों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदो ने गत संसद सत्र में टेट प्रकरण विषय को उठाया था लेकिन उसके बाद भी इस प्रकार का उत्तर देना यह सिद्ध करता है कि इनको किसी के हितों से कोई मतलब नहीं है।फिलहाल हमें अपने संगठन और मुखिया पर पूरा भरोसा है।

# ईंट भट्टे पर मजदूर पर जानलेवा हमला, कार्रवाई की मांग

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**।क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी एक युवक ने मतनावली गांव के तीन युवकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी मनीष पुत्र पालेराम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह मतनावली गांव स्थित बलदेव ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसी भट्ठे पर मतनावली गांव के ही कुछ युवक भी मजदूरी करते हैं। पीड़ित के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व किसी बात को लेकर उनका आपसी विवाद हो गया था, जिसे भट्ठे पर मौजूद लोगों ने सुलझा दिया था।आरोप है कि रोज की तरह काम करते समय मतनावली निवासी गौरव, शिवम पुत्र रमेश और मनीष पुत्र अमर सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की और फिर धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसे देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायल मजदूर को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नटराज ग्रुप ने किया धर्मेन्द्र हीमैन अवार्ड 2026 का आयोजन

वेलकम इण्डिया



**नई दिल्ली,** विवेक जैन। दिल्ली में नटराज ग्रुप के तत्वाधान में धर्मेंद्र हीमैन अवार्ड 2026 और सिंगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिलक खेड़ा, राजेश शर्मा, महेंद्र वत्स, लायन गुलफाम, बैजनाथ, डॉ रमेश अग्रवाल मौजूद रहे। नटराज क्लब के प्रेसिडेंट डॉ लक्की कश्यप ने बताया यह उनका 121 वा इवेंट था। कार्यक्रम में फैशन शो का भी आयोजन किया गया, जिसे सोनम नरूला और गाबा द्वारा कोरियोग्राफ किया गया। इसमे मॉडल रुचि राजपूत विनर रही। कार्यक्रम में मिस्टर सिद्धेश जाधव इंटरनेशनल प्रेजेंट जज, मैसेज सुचित्रा सुमन कॉल और मैसेज स्वर्णालता जिन्होंने फैशन शॉ को भी जज किया, पारुल भदवाल वर्ल्ड चैंपियन पावर लिफ्टिंग, अभिनव शर्मा स्टेट हिमाचल प्रदेश थ्री टाइम इंटरनेशनल चैंपियन इन पावरलिफ्टिंग, देवांश शर्मा स्टेट हिमाचल प्रदेश वर्ल्ड चैंपियन पावरलिफ्टिंग, निखिल गौतम स्टेट हिमाचल प्रदेश वर्ल्ड चैंपियन पावरलिफ्टिंग, गुरु प्रताप लोमस ब्रेव हार्ट सीनियर ट्रस्ट, गुर राजेंद्र सिंह टिपटॉप, बलवीर सिंह, रियाजुद्दीन जी सोशल वर्कर सीलमपुर, मुकेश जैन सिंगर एंड ऑगेनाइजर, नैंसी वत्स ब्लैक बेल्ट होल्डर इन ताइक्वांडो मार्शल आर्ट इंटरनेशनल, साक्षी वत्स सोशल मीडिया एक्सपर्ट, यश वत्स ब्लैक बेल्ट होल्डर मार्शल आर्ट इंटरनेशनल, विजय डी पवार एक्टर एंड डायरेक्टर, शिवा दादू फिल्म डायरेक्टर, फिल्म डायरेक्टर वीके शर्मा, सरिता सिंह राठी वर्ल्ड चैंपियन, महेंद्र वत्स समाजसेवक, राजेश शर्मा नेशनल प्रेसिडेंट प्रकृति भक्त फाउंडेशन, रियाजुद्दीन सैफी नेशनल प्रेसिडेंट सोशल यूनिटी फ्रंट, चौधरी फिरे सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिंदू सेना वीर गुर्जर सभा श्री देवनारायण महासचिव दिल्ली प्रदेश सहित अनेकों लोगों को धर्मेन्द्र हीमैन अवार्ड 2026 से पुरुस्कृत किया गया। दिलशाद अंसारी ने स्टेज ऑपरेट में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम में मुकेश भोगल, विपुल जैन बागपत, राजेश चौहान, वेद प्रकाश, तरुण निवेश, अमरदीप गुप्ता, पंकज बात्रा, वीआईपी लायन गुलफाम, खुशी मिस इंटरनेशनल 2025, आनंद भारद्वाज इदरीश सलमानी, समीर सलमानी जी प्रिंस सऊदी अरब, अनीता गुप्ता सहित अनेकों अतिथियों व सहयोगियों को आमंत्रित किया गया था।

# कावड़ियों को भंडारे की निःशुल्क 24घंटे सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**रामघाट/बुलंदशहर/** महाशिवरात्रि पर्व पर ननुआं धाम आश्रम में शिव भक्तों के लिए 24 घंटे निशुल्क भंडारा आज से शुरू हो गया आपको बता दें ननुआं समाधि स्थल आश्रम रामघाट की उप महंत मनजीत कौर ने दैनिक जन सागर टुडे के पत्रकार जे पी गौतम से वार्ता करते हुए बताया महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर दूर दराज से आकर कांवड़ भरने वाले शिव भक्तों के लिए गत वर्षों की भांति आश्रम में आज 12 फरवरी से 15 फरवरी तक निःशुल्क 24 घंटे भंडारा चलता रहेगा तथा शिव भक्तों के लिए रात्रि में रहने विश्राम करने खाने-पीने की पूर्ण व्यवस्था की गई है जिनकी देखरेख हमारे सेवादार मोंटी शर्मा करेंगे।

# अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या पर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने दु:ख व्यक्त किया न्याय की मांग की

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। रामपुर के म सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद. खान की निर्मम हत्या पर गहरा दु:ख और रोष व्यक्त किया है। सांसद जी ने इस घटना को कानून व्यवस्था पर एक गंभीर प्रहार और रामपुर के अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने आधिकारिक बयान में कहाः अधिवक्ता फारूक अहमद खान जी की जिस तरह से दिन दहाड़े हत्या की गई, वह दिल-शिकन और निंदनीय है। फारूक अहमद साहब एक नेक इंसान और कानून के रक्षक थे। दु:ख की इस घड़ी मैं पूरी तरह से उनके परिवार और रामपुर के अधिवक्ता समाज के साथ खड़ा हूँ। मैं खुदा से दुआ करता हूँ कि मरहूम रूह को सूकून मिले और अल्लाह पाक खानदान को यह सदमा बर्दाश्त करने की हिम्मत आता फरमाएं। सांसद। मोहिबुल्लाह नदवी जी ने उत्तर प्रदेश सरकार ब जिला प्रशासन से मांग की है कि इस जघन्य अपराध के दोषी को कानून के दायरे में लाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सांसद नदबी ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार अधिवक्त फारूक अहमद खान के बच्चों को एक करोड़ रुपये मुआवजा दे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जिला प्रशासन से कचहरी परिसर और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने को कहा।और सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी ने उत्तर प्रदेश सरकार से अधिवक्ताओं के हितों के लिए शीघ्र ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने रामपुर की जनता और अधिवक्ता समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर पर शांति समिति की बैठक में उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने परंपरागत मेले में झूले आदि

वेलकम इण्डिया



**बुलंदशहर** बुधवार को अनूपशहर तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर पर होने वाले महाशिवरात्रि पर्व जल अभिषेक एवं मेले के आयोजन को लेकर अनूपशहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा बुलाई गई शांति समिति की बैठक में साफ सफाई बैरिकेटिंग प्रकाश पार्किंग आदि बिंदुओं पर हुई चर्चा व प्रशासन उच्च अधिकारियों द्वारा मेले में परंपरागत रूप से लगने वाले झूले आदि बच्चों के पर असाइनमेंट व्यक्त करने पर स्थानीय ग्राम प्रधानों की मांग पर उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने प्रभारी निरीक्षक पुलिस धर्मेंद्र शर्मा से परंपरागत रूप से हर वर्ष लगने वाले छोटे बच्चों के कम ऊंचाई के झूलों को मेले में लगाने की अनुमति प्रदान करने की मांग करने के साथ-साथ शिव चौक से लेकर बस्तर गंज घाट तक लगने वाले मेले में हुई असुविधा को लेकर महाशिवरात्रि के पावन पर्व होने पर छोटे दुकानदार व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को व्यवस्था बनाने के क्रम में उत्पीड़न न किए जाने की मांग की जिस पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा सभी परंपरागत आयोजनों की अनुमति प्राप्त करने की बात कह कर सभी समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया बैठक में ग्राम प्रधान रोरा रायसिंह, पवन चौधरी, ग्राम प्रधान मलकपुर पति निजाम खान, पूर्व प्रधान मलकपुर बंटी लोधी, नरेश सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहें।

# गंगा घाट पर कावड़ियों को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं:थानाध्यक्ष संदीप सिंह

वेलकम इण्डिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** महाशिवरात्रि पर्व पर रामघाट गंगा घाट से शिव भक्त अपनी कांवड़ को सजा-धजा कर जल भरकर बम बम भोले के जयकारों के साथ अपने गंतव्य स्थान को जाना शुरू हो गया है यह सिलसिला15 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाट से लेकर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा तक पुलिस फोर्स लगाया गया है प्रशासन ने गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला पंचायत मेला प्रभारी राजकुमार ने बताया है कि जिला पंचायत की तरफ से गंगा घाट पर मेला मजिस्ट्रेट खोया पाया रेडियो अलाउंस कोतवाली स्वास्थ्य जिला पंचायत नागरिक सुरक्षा कैंप तथा 15 सीसीटीवी कैमरे बैरिकेडिंग 26 गोताखोर 15 नाविक लगाए गए हैं तथा गंगा घाट से लेकर गंगागढ़ की पुलिया तक लाइट सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं हजारा नहर पर मेला कंट्रोल रूम व निःशुल्क वाहन पार्किंग सीसीटीवी कैमरे सहित बनाई गई है

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के आठवें दिन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के आठवें दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इस अवसर पर 77 किग्रा वोमेन यूथ ,जूनियर सीनियर वर्ग एवं 79 किग्रा में पुरुष वर्ग यूथ , जूनियर और सीनियर सहित दो भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 77 किग्रा एवं 79 किग्रा भार वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। युथ महिला वर्ग (77 किग्रा) परिणाम प्रथम स्थानः हसीना शिरीन एम.ए. (तमिलनाडु) झ 179 किग्रा, द्वितीय स्थानः आनंदी सांगले (महाराष्ट्र) झ 178 किग्रा, तृतीय स्थानः बित्रा रोची स्मिथी (आंध्र




प्रदेश) झ 177 किग्रा,जूनियर महिला वर्ग (77 किग्रा) परिणाम

प्रथम स्थानः संजना (हरियाणा) झ 216 किग्रा,द्वितीय स्थानः सुबिक्षा के. (तमिलनाडु) झ 184 किग्रा, तृतीय स्थानः समृद्धी धोने (महाराष्ट्र) झ 183 किग्रा,सीनियर महिला वर्ग (77 किग्रा) परिणाम- प्रथम स्थानः हिना (आरएसपीबी) झ 218 किग्रा, द्वितीय स्थानः संजना (हरियाणा) झ 216 किग्रा,तृतीय स्थानः कोमल खान (एआईपीएससीवी) झ 207 किग्रा। 79 किग्रा जूनियर वर्ग में वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमी, मोदीनगर के होनहार खिलाड़ी बेदबरात भराली ने स्नैच में 148 किग्रा, क्लीन एंड जर्क में 181 किग्रा तथा कुल 329 किग्रा भार उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा के संरक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 77 किग्रा महिला जूनियर वर्ग में हरियाणा की संजना ने स्नैच में 94 किग्रा, क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा तथा कुल 216 किग्रा भार उठाकर रिकॉर्ड स्थापित किया। वहीं, 79 किग्रा सीनियर वर्ग में आंध्र प्रदेश के वल्लूरी अजय बाबू ने स्नैच में 152 किग्रा सीनियर वर्ग में भार उठाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया और दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित एवं सम्मानित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस, एसपी सिटी गाजियाबाद एवं सीओ मोदीनगर),ज्ञान सिंह चीमा (एशियन गेम्स पदक विजेता, भारोत्तोलन 1982),श्रीमती सबीना यादव (उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन संघ), के. सुब्रमण्यम (चेयरमैन, टेक्निकल कमेटी, इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन) इन सभी ने पदक विजेताओं को मेडल पहनकर उनका उत्साह उत्साहवर्धन किया। पूरी प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिससे प्रतियोगिता में अनुशासन, पारदर्शिता एवं उच्च स्तरीय व्यवस्था देखने को मिल रही है।राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप देश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है और भारतीय भारोत्तोलन को नई पहचान।

# पुलिस परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर निर्माण फाऊंडेशन को मिला छात्रों का मिला समर्थन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। निर्वाण फाउंडेशन द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों की सुदृढ़ स्वास्थ्य सुरक्षा की मांग को पुलिस महानिदेशक महोदय तक पहुँचाए जाने के बाद अब इस विषय ने व्यापक जनसमर्थन प्राप्त करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में प्रिंस गुज्जर एवं अमन शर्मा के सहित अनेक जागरूक छात्रों ने सामूहिक रूप से समर्थन पत्र निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र को सौंपा। छात्रों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह केवल समर्थन पत्र नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का संकल्प है। इस अवसर पर प्रिंस गुज्जर ने दृढ़ता से कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा की नींव हैं। यदि उनके परिवार असुरक्षित और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहेंगे, तो यह पूरे समाज की असंवेदनशीलता



होगी। हम निर्वाण फाउंडेशन की इस जनहित आवाज को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे और युवाओं को इस अभियान से जोड़ेंगे। जो हमारी रक्षा में खड़े हैं, उनकी सुरक्षा भी हमारा धर्म है। छात्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र और ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो व्यापक हस्ताक्षर अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं लोकतांत्रिक ढंग से जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने कहा कि यह संघर्ष किसी टकराव का नहीं, बल्कि व्यवस्था को सशक्त और मानवीय बनाने का प्रयास है। पुलिस परिवारों को सम्मानजनक और प्रभावी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना केवल सुविधा नहीं, बल्कि नैतिक और प्रशासनिक उत्तरदायित्व है।

# सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन



वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** आगामी त्योहारों और कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने नगर की मुख्य सड़कों पर फैले अतिक्रमण के जाल के खिलाफ बुधवार को सख्त अतिक्रमण अभियान चलाया। कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने अनूपशहर बाईपास से शुरू होते हुए आहार बाईपास से लेकर मुख्य बाजार तक सड़कों पर पैदल मार्च कर अतिक्रमण हटवाया। अतिक्रमण के खिलाफ चलाये गए अभियान के दौरान सड़क को घेरकर खड़े वाहन चालकों, ठेले-फड़ लगाने वालों और अवैध कब्जेदारों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे फैला सामान हटवाया गया और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे नगर में हड़कंप मचा रहा। कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। विशेष रूप से कांवड़ियों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सड़कों को चौड़ा व सुरक्षित बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि सड़क सभी की है, लेकिन उस पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मणि जी सैनी ने कहा कि नगर पालिका भी अतिक्रमण को लेकर गंभीर है और जल्द ही नगर के अंदर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाएं और प्रशासन का सहयोग करें। अभियान के दौरान बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारु रही और पुलिस ने लोगों को नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

# नेशनल हेल्थ मिशन के संविदा कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में विलंब के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एनएचएम के अंतर्गत प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख संविदा कर्मचारी तैनात हैं। जुलाई 2025 से ही संविदा कर्मचारियों को समय से मानदेय नहीं मिल रहा है। एसएनए स्पर्श पोर्टल आने के बाद मानदेय मिलने में लगातार विलंब हो रहा है। आर्थिक तंगी से परेशान होकर कुछ कर्मचारी द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। निवेदनः एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों के मानदेय का प्रत्येक माह की सात तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। बिल फेल लिमिट शुन्य एवं बजट जैसी तकनीकी प्रशासनिक समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु स्पष्ट एवं बाध्यकारी दिशा निर्देश जारी किए जाए। समस्त लंबित मानदेय का तत्काल



भुगतान सुनिश्चित कराया जाए- भविष्य में मानदेय विलंब की पुनर्वृत्ति ना हो जिसके लिए समयबद्ध भुगतान एसओपी जारी की जाए। चेतावनीः- यदि भविष्य में प्रत्येक माह की सात तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया जाता है तो जनपद के समस्त संविदा कर्मचारियों के साथ नो पे नो वर्क की थीम पर कार्य बंद कर जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। यह पत्र एनएचएम जिला अध्यक्ष गाजियाबाद श्रिमती हिमानी कौशिक व जिला महामंत्री गाजियाबाद डॉक्टर चेतन वर्मा के माध्यम से दिया गया गया है।

# ऐतिहासिक बजट से बढ़ी उम्मीदें: बस अड्डा, डिग्री कॉलेज व चार लेन सड़क की विधायक ने की मांग

वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत ?9.12 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। शिक्षा पर 12.4%, स्वास्थ्य पर 6% और कृषि पर 9% आवंटन के साथ 10 लाख रोजगार सृजन, मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों की आय वृद्धि और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण जैसे प्रावधानों ने आमजन में नई उम्मीद जगाई है। सरकार द्वारा गरीबी रेखा से 6 करोड़ लोगों को बाहर निकालने और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के प्रयासों को भी सराहा जा रहा है। यह बजट ह्यसबका साथ,



सबका विकासह्व और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को सशक्त करने वाला बताया जा रहा है।

इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने भी अपने इलाके के विकास को लेकर सरकार से महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। क्षेत्रीय विधायक का कहना है कि यदि प्रदेश के विकास की रफ्तार को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है तो क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# चोरों के हौसले बुलंद नव निर्माण मकान से समरसेबिल उखाड़ कर ले गए चोर



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** नगर के श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के सामने बेखौफ अज्ञात चोरों ने रात्रि में नव निर्माण मकान से समरसेबिल उखाड़ कर ले गए चोर।मकान मालिक ने पुलिस को दी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवालिया निशान। मकान मालिक चौधरी किरनपाल सिंह पुत्र लक्खी सिंह निवासी गांव असरौली थाना अहमदगढ़ के रहने वाले है। जोकि शिकारपुर में डिग्री कॉलेज के सामने नव निर्माण मकान का कार्य चल रहा है। जहां से चोरों ने समर सेबिल की मोटर स्टार्टर केवल को अज्ञात चोर चुरा कर अपने साथ ले गए हैं पीड़ित ने बताया है कि पड़ोस में बंद मकान में नए मकान को बनाने के लिए सामग्री रखी थी यही पर स्टार्टर केवल आदि रखा था जिसको भी चोरों ने ताला तोड़कर चुरा लिया है। और समर की मोटर को उखाड़ कर ले गए वही अब चोरों की तलाश में पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी है। शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम ने बताया कि पुलिस टीम चोरों की तलाश में लगी हुई है चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा ।

# महिला से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, कुंडल बरामद

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पुलिस ने महिला से लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूट गए कुंडल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई हैं।निवाड़ी रोड शिवपुरी कॉलोनी निवासी सुप्रिया। विगत 30 जनवरी को वह घर लौट रही थी, इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश उनका पर्स छीनकर फरार हो गए। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा ने बताया कि खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरे के जरिए बदमाशों की पहचान करने के बाद पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार




किया। गिरफ्तार आरोपी आकाश कुमार एवं शुभम शर्मा निवासी गांव छज्जूपुर थाना परतापुर जिला मेरठ निवासी है। आरोपियों के कब्जे से महिला से लूट गए कुंडल बरामद किए गए हैं। लूट के दौरान शुभम बाइक चला रहा था, जबकि आकाश ने पर्स छीना था। पर्स और मोबाइल फोन आरोपियों ने फरार होते समय कपड़ा मिल नाले में फेंक दिया। पर्स में मिले एक हजार रुपये उन्होंने खर्च कर दिए और एक-एक कुंडल दोनों ने आपस में बांट लिया था।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)।भारतीय जनसंघ के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर कृष्णानगर में पंडित जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। समाजसेवी का डॉक्टर अनिला आर्य ने कहा कि पंडित जी के आचरण में अंत्योदय के लिये विचार परिलक्षित होता था कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास कैसे हो।वह उस समाज के समकक्ष कैसे हो।उनका सिद्धांत था कि जो ऊपरी स्तरीय हैं उनमें थोड़ी विनम्रता हो तथा जो निम्नतम स्तर पर हैं उनमें स्वयं को ऊपर उठाने के लिए मन में निश्चय हो तभी समाज में एकतामूलक वातावरण निर्मित हो पाता है।सादगीपूर्ण जीवन शैली मात्र दो जोड़ी कपड़ों के साथ कर्म पथ पर प्रयाण करते हुए राष्ट्रीय राजनीति के



मंच तक स्थापित होना वर्तमान के लिये किसी चमत्कार से कम नहीं है जहाँ आज चकाचौंध का साम्राज्य छाया हुआ है। सादगी सपने की बात हो गयी है। कटु सत्य है कि दीप प्रज्वलन सादगी के समक्ष ही प्रकाश बिखेरता है। चकाचौंध कैसी भी हो वहाँ दीप प्रज्वलन निष्प्रभावी रह्ता है।ऐसा व्यक्तित्व जिसने जन्म से ही अपनों के बिछोह का दंश झेला हो लेकिन भारतीय संस्कृति और संस्कारों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से राष्ट्रीय सम्मान को चरितार्थ करते हुए रहस्यमयी मृत्यु पाते हैं और उसके दोषी आज तक भी संज्ञान में नहीं आये दुखद है।उसी मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम वर्तमान सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन रख कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजकुमार तंवर,डाक्टर उपेन्द्र कुमार आर्य ,विनोद कुमार गुप्ता, त्रिलोक चंद शर्मा, ऊषा सैन,सोनू तथा डाक्टर अनिला सिंह आर्य आदि सभी वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# एसडीएम एवं सीओ ने गंगा घाट मेला में पहुंचकर सुक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर लिया जायजा।

वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** महाशिवरात्रि मेला गंगा घाट पर उप जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार सिंह ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया मेला में लगे कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए लापरवाही की तो होगी सख्त कार्यवाही

आपको बता दें महाशिवरात्रि मेला शुरू हो गया है जिसकी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उप जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार सिंह मय पुलिस बल





के साथ गंगा घाट पर पहुंचकर मेला में लगे कर्मचारियों का निरीक्षण कर सख्त निर्देश दिए गए हैं गंगा घाट पर आने वाले शिव भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए गंगा घाट से लेकर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा तक लगाए गए पुलिस कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है सख्ती के ड्यूटी का पालन करें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मेला में लगे उपनिरीक्षक एवं पुलिस कर्मियों को जिस पोइंट की ड्यूटी पर लगाया गया है उनको चेक करते रहें जो ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले पुलिस कर्मियों तुरंत कार्रवाई करें इस मौके पर थाना प्रभारी संदीप सिंह महामंडलेश्वर डॉक्टर सुरेंद्रानंद गिरी नायब तहसीलदार लविंन कुमार ज्ञानेंद्र सिंह उपनिरीक्षक विनोद शर्मा ओमवीर एडवोकेट देवेंद्र कांस्टेबल आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनो की शादी के लिए विभाग ने शादी - विवाह प्रोत्साहन योजना की शुरू

**बुलंदशहर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र० लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15000-00, युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000-00 तथा दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000-00 की धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मानवेंद्र राजपूत ने बताया कि दिव्यांजन की शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। तथा दम्पत्ति आयकर दाता की श्रेणी में न आता हो।

# मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने किया निरीक्षण

## अधिकारियों को अपने पटल के कार्यों की स्वयं निगरानी का आदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मेरठ मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी (आईएएस) ने बुधवार को कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधारात्मक बदलाव लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में होने वाले प्रत्येक आवश्यक कार्य का डेटा और रिकॉर्ड रजिस्टर तथा कंप्यूटर में सुरक्षित रखा जाए तथा रजिस्टर का अभिलेख प्रतिदिन अद्यतन किया जाना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व लेखा विभाग, रिकॉर्ड रूम (फाइल्स/भूमि), भूलेख, संयुक्त कार्यालय, आर्म्स शाखा सहित अन्य विभागों की फाइलों की गहन जांच की। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसी भी आवेदन या शिकायत के प्राप्त होने की तिथि, उस पर की गई कार्यवाही, वर्तमान स्थिति, किस अधिकारी के पास लंबित है, कितने समय से लंबित है और अंतिम निस्तारण की तिथि सहित पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण होते रहते हैं, ऐसे में यदि अभिलेख व्यवस्थित और अद्यतन नहीं होंगे तो कार्य प्रभावित होगा और पारदर्शिता पर प्रश्न उठेंगे। मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने अधिकारियों को अपने-अपने पटल के कार्यों का नियमित निरीक्षण और जांच स्वयं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कर्मचारी नियमानुसार कार्य कर रहे हैं, रजिस्टर व रिकॉर्ड सही प्रकार से मेंटेन किए जा रहे हैं तथा आवश्यक प्रपत्र सुरक्षित रखे जा रहे हैं। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी निदेर्शों के बावजूद अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह पाया जाता है तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अधिकारी को अपने पटल से संबंधित सभी कार्यों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई और रिकॉर्ड की सुव्यवस्थित व्यवस्था पर संबंधित अधिकारियों की सराहना भी की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एल/ए अवनीश कुमार, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम जे. अंजूम बी., सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट 2026 पर मॉडर्न कॉलेज में विचार गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित मॉडर्न कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार में बुधवार को केंद्रीय बजट 2026 पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन, विभागाध्यक्षों, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गोष्ठी में वाणिज्य विभाग की शिक्षिका सुश्री सोनम मिश्रा ने केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तृत परिचर्चा प्रस्तुत की। सुश्री सोनम मिश्रा ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत अधिक बजट आवंटित किया गया है, जिससे शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण प्राप्त होगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के बजट में वृद्धि से आम नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बजट में तकनीकी विकास और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु लेबल टैक्स में छूट तथा स्टार्टअप्स के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की व्यवस्था की गई है, जिससे नवाचार और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर निशा सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देश के भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट युवा शक्ति और समावेशी विकास पर केंद्रित है, जिसमें शिक्षा, रोजगार और तकनीकी प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने बजट से संबंधित जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। गोष्ठी के माध्यम से छात्रों को केंद्रीय बजट की गहन समझ प्राप्त हुई।

## गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने गौर ब्रिज पार्क पर बांटे हेलमेट, हेलमेट है तो सुरक्षा है का दिया संदेश



(सुमित सोरेन)

**गाजियाबाद:आम** जनमानस को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से बुधवार को गाजियाबाद यातायात पुलिस टी.आई अजय कुमार यादव व टी.आई आशेष यादव के नेतृत्व में एक गौर ब्रिज पार्क चौक पर दर्जनों हेलमेट का वितरण किया। साथ ही लोगो को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव ने इस अवसर पर लोगो से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नशे में ड्राइविंग न करने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और मोबाइल फोन का उपयोग करने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि इन छोटी-छोटी सावधानियों से अपनी और दूसरों की जान बचाई जा सकती है। टी.आई अजय कुमार यादव ने इसके साथ ही बाइक सवारों को जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वालो में एक आदमी नही बल्कि एक परिवार की हानि होती है। इसलिए यातायात के नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। कहा कि हेलमेट के बिना बाइक चलाने वालों की जान माल का ज्यादा नुकसान होता है।

## मलेशियाई सिविल सेवकों का स्वागत, सार्वजनिक नीति और सुशासन पर जिला प्रशासन ने साझा किए अनुभव

(सुमित सोरेन)



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी), भारत सरकार द्वारा 2 से 13 फरवरी तक मसूरी और नई दिल्ली में आयोजित 'तीसरा मलेशिया के सिविल सेवकों के लिए सार्वजनिक नीति और शासन पर प्रशिक्षण कार्यक्रमज्के अंतर्गत मलेशिया से आए 30 सिविल सेवकों का बुधवार को गाजियाबाद में भव्य स्वागत किया गया। विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं संवाद सत्र आयोजित किया गया। विकास भवन पहुंचने पर मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। गुरुकुल दा स्कूल के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक विधि से सभी गणमान्यों का अभिनंदन कर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, परियोजना निदेशक प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने राजस्व प्रशासन, विकास कार्यों की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था, पुलिस विभाग की भूमिका तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अधिकारियों ने बताया कि किस प्रकार जिला स्तर पर शासन की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है और जनकल्याणकारी योजनाओं की निगरानी एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है। संवाद सत्र के दौरान मलेशिया से आए अधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों की सहायता, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की पहल, गरीबों के उत्थान, महिला एवं बाल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जिज्ञासाएं व्यक्त कीं। संबंधित अधिकारियों ने सभी प्रश्नों के विस्तृत और संतोषजनक उत्तर दिए, जिससे दोनों देशों के प्रशासनिक अनुभवों का सार्थक आदान-प्रदान संभव हो सका। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल ने भी मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया और भारत में मिले आतिथ्य व प्रशिक्षण की सराहना की। उल्लेखनीय है

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के 9 छात्रों को मिला श्री सीमेंट में प्लेसमेंट



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतिष्ठित बाँगुर बिल्ड स्मार्ट (सीमेंट लिमिटेड) कंपनी ने विश्वविद्यालय के 9 छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर चयन किया है। चयनित छात्रों को 3.00 लाख रुपये तक के वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति दी जाएगी। कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान कंपनी के एचआर प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी प्रोफाइल, कार्य संस्कृति और जॉब प्रोफाइल की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात आयोजित साक्षात्कार में छात्रों ने तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

## शराब माफियाओं पर शिकंजा, लोनी बॉर्डर से 183 पव्वे अवैध शराब बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** होली पर्व में अभी लगभग तीन सप्ताह शेष हैं, लेकिन जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने अभी से सख्त अभियान छेड़ दिया है। चुनावी माहौल और त्योहारों के मद्देनजर शराब माफियाओं की सक्रियता बढ ? की आशंका को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में विशेष रणनीति लागू कर दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है और अवैध शराब के निर्माण, तस्करी व बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विभाग ने दिल्ली बॉर्डर, लोनी, लोनी बॉर्डर, डिंडन खादर क्षेत्र, टोल प्लाजा तथा राज्य व राष्ट्रीय राजमार्गों पर 24 घंटे निगरानी व्यवस्था लागू की है। स्थायी चेकिंग के साथ-साथ मोबाइल टीमें भी सक्रिय हैं, जो अचानक दबिश देकर तस्करों के नेटवर्क को तोड ? में जुटी हैं। डिंडन खादर जैसे क्षेत्रों में, जहां पूर्व में कच्ची शराब निर्माण की शिकायतें मिलती रही हैं, वहां मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया है और सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा करती है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को आबकारी विभाग को अहम सफलता मिली। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक अनुज वर्मा की टीम ने थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के खुशी वाटिका में तस्कर रवि मावी के मकान पर छापेमारी की।

## गेमिंग और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 3.29 करोड़ की ठगी का पदार्फाश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गेमिंग एप और शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी आठवीं पास है और साइबर ठगों को पांच प्रतिशत कमीशन के बदले बैंक खाते उपलब्ध कराता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने अब तक सात घटनाओं को अंजाम देकर करीब 3.29 करोड़ रुपये की ठगी की है। एसीपी क्राइम अमित सक्सेना के अनुसार, राजनगर एक्सटेंशन निवासी शिवराज सिंह यादव को शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1.11 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। पीड़ित को पहले एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां कथित विशेषज्ञों द्वारा निवेश की सलाह दी जाती थी। इसके बाद उसे एक फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट के माध्यम से निवेश कराया गया और धीरे-धीरे बड़ी रकम हड़प ली गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को राजीव गार्डन कॉलोनी निवासी मोहम्मद नदीम को गिरफ्तार किया। आरोपी के बैंक खाते से पीड़ित से ठगी गई रकम में से 9.4 लाख रुपये की राशि बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अंकित और अरुण नाम के दो व्यक्तियों ने उसे गेमिंग प्लेटफॉर्म के जरिए होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने उसे खातों की डिटेल उपलब्ध कराने के बदले खाते में आने वाली रकम का पांच प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया था। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अंकित और अरुण के साथ मिलकर 'देव लॉजिस्टिकज नाम से एक फर्जी फर्म बनाई और आईडीएफसी बैंक में चालू खाता खुलवाया। इस खाते की चेकबुक, एटीएम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग की आईडी व पासवर्ड उसने दोनों साथियों को सौंप दिए थे।

## उत्तर प्रदेश सरकार का दसवां और ऐतिहासिक बजट पेश हुआ:इंदरजीत सिंह टीटू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नौ लाख बारह हजार करोड़ रुपए की राशि का बजट पिछले आए नौ बजट से सबसे बड़ा बजट नारी शक्ति को सुरक्षित और युवाओं को सक्षम बनाने वाला बजट,वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी ने बजट में हर वर्ग को छूने का प्रयास किया,नौ सौ करोड़ रुपये की राशि के द्वारा पहले बने हुए एक्सप्रेस हाईवे का विस्तार करने हेतु और ने हाईवे बनाने का प्रबंध किया गया है ।बजट में,दस हजार करोड़ रुपये की कृषि से संबंधित योजना के माध्यम से किसानों को राहत देने का प्रावधान किया है ,स्वास्थ्य में पन्द्रह पर्सेंट की बढ़ोतरी,वित्तमंत्री सुरेश खन्ना जी ने भविष्य को मजबूत करने और उत्तर प्रदेश की तरक्की को मध्य रखते हुए ये बजट बनाया गया है।

## नवसृजित भूखंडों के सामने नाला निर्माण, जलभराव से मिलेगी राहत, कनेक्टिविटी होगी मजबूत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में आधारभूत संरचना विकास कार्यों को तेज गति दे दी है। सुनियोजित और व्यवस्थित शहरी विकास के उद्देश्य से सड़क, नाला और सीवर लाइन निर्माण को प्राथमिकता पर कराया जा रहा है, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा और सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था मिल सके। दिनांक बुधवार तक की प्रगति के अनुसार खसरा संख्या 96 एवं 97, नंदग्राम स्थित नवसृजित भूखंडों के सामने नाला निर्माण कार्य जारी है। इसके पूर्ण होने से वर्षा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा और क्षेत्र में जलभराव की स्थिति समाप्त होने की उम्मीद है। नूरनगर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस मार्ग पर नाला और सीवर लाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा वर्तमान में मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुगम और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, नूरनगर में ही 18 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के अंतर्गत नाला निर्माण और मिट्टी भराई का कार्य निरंतर जारी है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी। सिकरोड़ के निकट प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के तहत 500 मीटर लंबाई में सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही मेनहोल और नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर है। यह मार्ग भविष्य में क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़क के रूप में विकसित होगा और यातायात दबाव को कम करने में सहायक साबित होगा। भट्टा नंबर-5 तक 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के साथ अविवादित भूमि पर नाला निर्माण का कार्य भी निरंतर जारी है। यह परियोजना आसपास के क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए समग्र विकास को गति देगी।

